आधुनीक घटनायें भविष्यवाणी द्वारा स्पष्ट हुई

आइये हम अपने सिरों को झुकाये, प्रिय स्वर्गीय पिता, आज रात्रि हम आपका धन्यवाद करते हैं, क्योंकि आप वह है जो हमारी प्रार्थनाओं को उत्तर देते हैं। यह बेचारी स्त्री यहां पड़ी है, जिसकी शल्य चिकित्सा असफल हो चुकी है। परंतु, ओह, परमेश्वर हमें स्मरण है, जब पहली शल्य चिकित्सा कभी इस पृथ्वी पर हुई, आपने इसे स्वयं किया था। आपने आदम के एक ओर से, एक पसली निकाली, और चीरी हुई जगह को बन्द किया, और एक पत्नी बनाई। ओह पिता, आज रात्रि हम आपसे प्रार्थना करते हैं कि आपका हाथ नीचे आयेगा, और इस महान चीज को करेगा, जो कि हम आपसे मांग रहे हैं। और प्रभु ये दूसरे ये महिला जो दिमाग की दुर्बलता से पीड़ित है, दूसरे सब जिनके निवेदन है, हम उन्हें आपको समर्पित करते हैं, पिता, हम अपने पुरे हृदय से, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

आज रात्रि यहां होना वास्तव में एक सौभाग्य है और इस भक्त मंडली को देखना। और अच्छा गायन एक शानदार छोटा गायन समूह। ये लड़के जो यहां खड़े हैं, इन्हें देखते हुए। मैं अंतर के विषय में सोच रहा था... साफ-सुथरे, बाल कटे हुए। पिछली रात्रि, मैं सोच रहा था उस—उस स्थान के लिये जहाँ मैं रुका हुआ हूँ; आवाराओ का एक झुण्ड वहाँ आया और तरणताल में एक लडके को डुबाने का यत्न कर रहे थे; उनके लिये किसी को बुलाना चाहिये था कि उन्हें वहां से निकाले। कितना भिन्न है, देखिए, बालक खड़े हैं, सुसमाचार के गाने गा रहे हैं; कितना अंतर है।

2 सोचते हुए जैसा भाई हेनरी ने कहा, "वे पुरुष जिनके लंबे बाल जो स्त्रियो के होने चाहिये," आप देखिए। ये—ये—ये ठीक बात है। ऐसे दिखाई पड़े... मैं इन लड़कों के इस प्रकार के बाल देखता हूं, यहां तक की वे छल्लेदार बनाने के लिए लगाते हैं, अपने चेहरे के आस-पास। मैं नही जानता, कभी-कभी मैं हिम्मत सी हार जाता हूं। यह ऐसा प्रतीत होता है, यह—यह सही में भ्रष्टता का समय है। पुरुष स्त्रियों के वस्त्र पहनने का यत्न कर रहे हैं, और स्त्रियां, पुरुषों के कपड़े पहन रही है। और पुरुष

अपने बालों को स्त्रियों के समान छोड़े हुए हैं और स्त्रियों के बाल पुरुषों के समान है। जो भी है, इन लोगों के साथ क्या मामला है? क्या वास्तव में, शिष्टाचार और सम्मान की धारा इस राष्ट्र और इन लोगों से इस संसार से अलग हो गई?

3 यह भयानक समय है, परंतु इस संसार में बहुत ही महिमामय समय है कि सुसमाचार प्रचार किया जाये। इसके पहले कि समय अस्तित्व में आता यदि मैं समय के किनारे पर खड़ा हो सकता होता और पिता ने मेरी ओर देखा होता और कहता, "इन युगों में से तुम किस समय प्रचार करना चाहोगे"? तो मैं ठीक इस समय चाहता, यह ठीक बात है, ठीक उसके आगमन से पहले।

4 इस सारी भक्तमंडली को देखते हुए, जो यहां हमारे समक्ष बैठी है... कल ट्यूसान में, एक मेरा सेवक मित्र घोड़े पर सवारी कर रहा था (इस व्यक्ति के विषय में सोचते हुए... महिला की रीड की हड्डी, याने डिस्क) इस घोड़ों में उसे फेंक दिया। दूसरे व्यक्ति ने मुझे मेरे होटल पर प्रात: एक बजे फोन किया, और कहा, "वह व्यक्ति विटरणस अस्पताल में है, उसकी आंखें सफेद हो गई, उसकी कमर दब गई, उसकी किडनीया (वृक) बाहर आ गई, और उसका ह्रदय रुकने पर है।" और मैं वहां फर्श पर घुटने के बल हो गया, और दूसरे सिरे पर वह टेलीफ़ोन पर था, उसके लिए प्रार्थना करी। और यहां आज रात्रि वहां बैठा है, ठीक है, यहां पर बैठा है। वह अंतिम रात्रि थी। बोब, क्या तुम वहां थोड़ा खड़े होंगे? यह वह पुरुष है, वहां पर। [सभा वाह–वाह करती है।—सम्पा।] परमेश्वर प्रार्थना का उत्तर देता है, सुबह, रात, दोपहर, आधी रात, या किसी भी समय।

5 अब, मैं—मैं लंबा बोलने वाला प्रचारक हूं, जैसा कि वे कहते है। मुझे एक प्रकार से रात्रि के इस समय आरंभ करना ठीक नही लगता और—और मैंने सोचा मैं इस पर विजय पा लूंगा। उस रात्रि, क्यों हम उस विशेष स्थान पर बोल रहे थे, और... पन्द्रह मिनट के पश्चात मैं जारी था, लोग प्लेटे उठा रहे थे और मेरी और हिला रहे थे, "जाओ! बंद करो, आपको यहां से जाना है," सिगरेट पी रहे थे, और चला रहे थे। यह भोज वालों की गलती नही थी, यह वे लोग थे, जिन से यह किराए पर लिया गया था। और अध्यक्ष की पत्नी ने जाकर प्रबंधक को बताया, कहा...

6 कहा, "आपको यहां से साढ़े नौ बजे बाहर होना था।"

7 कहा, "आपको इसका ठेका नही लेना चाहिये था।"

8 वह महिला आज रात्रि यहां आई है (वास्तव में भली महिला है) और उसने कहा, "हम समझ गए कि आप ये चाहते थे," कहा, "इसे जितनी देर के लिए आप चाहते हैं, ले लीजिए।" तो यह बहुत अच्छा था। इसलिए मैं इसके लिये बहुत ही आभारी हूं। ये बहुत अच्छा है।

9 भाई हेनरी, निश्चय ही, मैं आपकी सराहना करता हूं आपकी—आपकी कृपा की, मुझे यहां दावत दी, और यह धार्मिक सभा।

10 पिछली रात्रि मेरा यहां पर सौभाग्य था कि असेंबली ऑफ गॉड में, जहां मैं विश्वास करता हूं कि भाई बून पास्टर है। उन लोगों के झुंड में बहुत अच्छा समय रहा। और कल रात्रि हम यहीं कही होने जा रहे हैं, मुझे नही मालूम कि यह कहां है और यह दूसरी धार्मिक सभा है। वे इसकी चिन्ता करते हैं; मैं प्रार्थना कर रहा हूं, बढ़ रहा हूं, और बढ़ रहा हूं, और यही सब कुछ है जिसे मैं बनाये रख सकता हूं।

11 परंतु अब हम इस समय में विचित्र चीजें देख रहे हैं। अब मुझे पिछली बार की याद है कि मैं यहां तंबू की सभा में था। मुझे स्मरण है कि मैं पिछली रात्रि एक बेचारे पति पत्नी के लिए बोल रहा था, जो कि अपना मरा हुआ बालक लेकर आए थे। यहीं—यहीं कहीं उन्होंने पूरे दिन और रात्रि गाड़ी चलाई। वह बेचारी मां उदास छोटे बच्चे को गोद में लिए बैठी थी। अब, हो सकता है वह यहां पर बैठी हुई हो जितना कि मैं जानता हूं। और वह... पति उनके साथ और भी जोड़े थे, और वे... और उसने कहा... मुझ से, मैं कार के पास आऊंगा क्या (व्यक्ति ने बताया) मैंने उस छोटे बच्चे को बाहर लिया और इसे पकड़े हुए था एक छोटा, मरा, अकड़ा, ठंडा; और मैंने प्रार्थना करनी आरंभ की। जब मैंने प्रार्थना कर ली, उस देह से ऐसा लगने लगा यह गर्म हो रही है। इसलिये बस मैं... मैं प्रार्थना करता रहा उसने पैर चलाने आरंभ कर दिये और सुन रहा था, हो रहा था। इसलिए मैं... चिल्लाना शुरु कर दिया, मैंने मां को वापस दे दिया वह इसके साथ घर वापस चली गई। इसलिए, वे हो सकता है मसीह भी ना हो, जितना मुझे मालूम है। समझे? एक आश्चर्यजनक था।

12 परंतु मैं इस विषय में क्या सोच रहा था, आज रात्रि मैं जानता हूं, एक कलीसिया भी जो मर रही है, ये हमारे पेंटीकोस्टल लोग हैं। हमें इससे भटक कर बाहर आना है, ओह, बस यही है। केवल एक ही मार्ग हैं, जिससे

आप यह करने जा रहे हैं, वह प्रार्थना और वचन के साथ चलना। केवल यही मार्ग है कि आप यह करने जा रहे हैं। केवल एक ही मार्ग है, वह इसी प्रकार से यीशु मसीह कल, आज और सर्वदा एकसा है। क्या हम चाहेंगे कि हमारी कलीसिया इस स्थिति में हो जैसा कि उसने कहा, जैसे इंग्लैंड में? यही कारण है, आप सोचते हैं, मैं रूखा रहा हूं, आप पर चिल्लाता हूं। मेरे करने का यह अर्थ नही है, परंतु मैं नही चाहता कि कलीसिया इस प्रकार की अवस्था में रहे। आप इस अवस्था में नही रहना चाहते, परंतु तब भी आपको इसे जोर लगा कर होगा, जब तक इसे जड़ दे और इसे जकड़ दे। इसे करना ही है।

13 इसलिए अब, आज रात्रि मेरे पास थोड़ा सा है... कुछ पवित्र लेख और मूलपाठ जिस पर थोड़ी देर में बोलना चाहता हूं, मैं निश्चित समय में नही बोलने जा रहा हूं, आप थक गए हैं, क्यों... तीस मिनटों में पूरा कर दूंगा, निर्भर करता है... मैं सदा पवित्र आत्मा पर छोड़ता हूं, जिस और वह अगुवाई करे।

14 थोड़े समय के लिए हम अपने सिरो को झुकाये, लेखक से बात करें इसके पहले कि उसकी पुस्तक खोलें।

15 सर्वशक्तिमान परमेश्वर, इस पुस्तक के रचियेता, यीशु मसीह के द्वारा हम प्रार्थना करते हैं। आज रात्रि जो हम सुन चुके हैं, उसके लिए धन्यवादित है। यदि इस सभा को हमें "आमीन" कहने के द्वारा विराम लगाना चाहिये, और घर जाये, यहां होना अच्छा था क्योंकि हम जानते हैं कि आप हमारे साथ रहे है। और पिता अब जैसा कि हम इस वचन को खोलते हैं, हम से सीधे–सीधे बात करे इस वचन से होकर, ताकि हम उस घड़ी को जान सके जिसमें हम जी रहे है। यदि हम जान जाये, वह घड़ी जिसमें हम जी रहे है, तो हम उस घड़ी के लिये स्वयं को तैयार कर सकते है; परन्तु यदि हम अन्धेपन में बिना जाने *क्या* और *कहाँ* है तो फिर हम नही जानते कि कैसे तैयार हो। इसलिये पिता हम प्रार्थना करते है कि आप नाव को हमे वहां देखने देंगे, और द्वार को खुला हुआ, और संदेश हमें वहां भीतर बुला रहा है, यीशु मसीह के नाम में इसे प्रदान करें। आमीन।

16 पवित्र वचनों में, मैं यहाँ मूल पाठ को पढ़ना चाहता हूं जो कि लुका के 24 वे अध्याय में पाया जाता है... मैं 31 वे पद से आराम्भ कर रहा हूं और उसका एक भाग पढ़ता हूं।

देखो, उसी दिन उनमें से दो जन इम्माऊस नाम एक गांव को जा रहे थे जो यरूशलेम से कोई सात मील की दूरी पर था।

और वे इन बातों पर जो हुई थी... आपस में बातचीत करते जा रहे थे।

और जब वे आपस में बातचीत और पूछपाछ कर रहे थे... तो यीशु आप पास आकर उनके साथ हो लिया।

परंतु उनकी आंखें ऐसी बंद कर दी गई थी कि उसे ना पहचान ना सके।

उसने उनसे पूछा, ये क्या बात है, जो तुम चलते–चलते आपस में करते हो, वे उदास से खड़े रह गए?

यह सुनकर उनमें से क्लियुपास नाम एक व्यक्ति ने कहा, क्या तू यरूशलेम में अकेला परदेसी है, जो नही जानता कि उन दिनों में उसमें क्या क्या हुआ?

उसने उनसे पूछा, कौन सी बातें? उन्होंने उससे कहा यीशु नासरी के विषय में जो परमेश्वर और सब लोगों के निकट काम और वचन में सामर्थी भविष्यवक्ता था।

और महायाजको और हमारे सरदारों ने उसे पकड़वा दिया कि उस पर मृत्यु की आज्ञा दी जाये और उसे क्रूस पर चढ़वाया।

परंतु हमें आशा थी कि यही इस्त्राईल को छुटकारा देगा: और इन सब बातों के सिवाये इस घटना को हुए तीसरा दिन है।

और मैं से कई स्त्रियो ने हमें आश्चर्य में डाल दिया है... जो भोर को कब्र पर गई थी;

... और जब उसकी लोथ ना पाई तो यह कहती हुई आई कि हमने स्वर्गदूतों का दर्शन पाया... जिन्होंने कहा कि वह जीवित है।

तब हमारे साथियों में से कई एक कब्र पर गए और जैसा स्त्रियों ने कहा था: वैसा ही पाया... परंतु उसको ना देखा।

तब उसने उनसे कहा, हे निर्बुद्धिओ और भविष्यवक्ताओं की सब बातों पर (विश्वास करने में) *मन्दमतियो।*

क्या आवश्य ना था कि मसीह यह दुख उठाकर, अपनी महिमा में प्रवेश करें?

तब उसने मूसा से और सब भविष्यवक्ताओं से आरंभ करके... सारे पवित्रशास्त्रों में से अपने विषय की बातों का अर्थ उन्हें समझा दिया।

प्रभु अपने वचन के पढ़े जाने पर आशीष दे।

17 अब मैं लेता हूं... यदि मैं इस विषय को कहूँ; ये घटनाएं... *आधुनिक घटनाये भविष्यवाणी के द्वारा स्पष्ट हुई*। यह सदा से परमेश्वर का रहा है... ना बदलने वाले परमेश्वर की विधि कि... कि किसी निश्चित घटना के घटने से पहले अपने लोगों पर पहले प्रगट कर दे।

18 यदि प्रभु यीशु के दिनों में लोग केवल परमेश्वर को खोज रहे होते और जान गए होते कि क्या घटित होने वाला है तो वे यीशु को मृत्यु के लिए दोषी ना ठहराते। परंतु ये कारण था, क्योंकि वचन को पूरा ही होना था, क्योंकि यहूदियों को अंधा होना ही था। हम सब ये जानते हैं।

19 क्या आप अनुभव करते हैं यह प्रतिज्ञा फिर इस युग में है जिसमें हम जी रहे हैं? लौदकीयन कलीसियायी युग, यह सातवी कलीसियायी काल जिसमें हम अब हैं, नंगी, बेचारी, अंधी, और यह नही जानती। वैसे ही जैसे उसने उन्हें पहले अंधा किया, अपने चुने हुए लोगों में संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से, उसने आज वैसा ही करने की प्रतिज्ञा की है।

20 और यदि मैं इसे आदर भाव में कहूं, मसीह में जो मेरे सारे भाई, बहन है, इन्ही किन्हीं दिनों में कोई यह कहने जा रहा है, "क्या यह नही लिखा है कि यह अमुक–अमुक बातें पहले घटित होनी है? "

21 और यह उसी प्रकार से होगा जैसा यह तब था, "मैं तुमसे सच–सच कहता हूं, वह तो पहले ही आ चुका, और जो उन्होंने चाहा उसके साथ किया।"

22 जब उन्होंने उससे पूछा, कहा, "शास्त्री क्यों कहते हैं और पवित्र शास्त्र कहता है कि—कि 'पहले एलिय्याह को आना चाहिये।'" उन्होंने यह यीशु से कहा।

23 उसने कहा, "वह पहले ही आ चुका, और तुमने उसे नही जाना।" समझे? और संभवता इसी प्रकार से फिर अंत में होगा।

24 अब हम घोषित करना चाहते हैं कि जाने कि इस युग में जिसमें हम रह रहे हैं, क्या होना है। परमेश्वर ने प्रत्येक युग के लिए अपना वचन निर्धारित किया है, इतना हर युग के लिए और हमें ध्यान देना चाहिये कि एक युग दूसरे युग में नही जा सकता, यह कार्य नही करेगा। उदाहरण के लिए, जैसा मैंने कहा, पिछली रात्रि मैं विश्वास करता हूं, या... मैं एक रात के बाद दूसरी रात निरंतर बोल रहा हूं, विभिन्न स्थानों में और कभी मैं दूसरी बार टिप्पणी करता हूं, मेरा अर्थ स्वयं को दोहराने का नही। परंतु मैं यह कहता हूं: क्या होगा... क्या भला होता मूसा का संदेश प्रचार करता? या क्या भला होता... यदि यीशु मूसा का संदेश प्रचार करने का यत्न करता? या क्या भला होता यदि मार्टिन लूथर कैथोलिक के संदेश को चलाता रहता, क्या भलाई होती यदि वैसली लूथरन के संदेश को चलाये रहता, क्या भला होता यदि पेंटीकोस्टल, मेथोडिस्ट के संदेश को जारी रखते? या क्या भला होगा की पेंटीकोस्टल जारी रहते, जब की दुल्हन बुलाई जा रही है? देखिए, हम बीज के समय में है, यहां हम अंत के समय में है। अब, जब तक गेहूं का दाना भूमि में ना गिरे, वह अकेला रहता है।

25 एक आलोचक के सामान, जब से पुस्तक आई है, मैंने टिप्पणी की संभवता यह आपके नगर में है—आपके नगर में कि जर्मन के लेखक ने जिस ने बहुत ही आलोचनात्मक लिखा है। वह नास्तिक है। ठीक है... मैं उसे दोषी नही ठहरा रहा, क्योंकि उसने मुझे दोषी ठहराया है; परंतु, क्योंकि नास्तिक होने के नाते पुस्तक कभी भी अलमारी पर नही होनी चाहिये। और उसने कहा, “एक परमेश्वर बैठा रह सकता है और कहे, वह लाल सागर को खोल सकता है, और अपने लोगों को छुड़ा ले और फिर हाथों को पेट पर बांधे और उन अंधेरे युगों को देखें कि मसीह शेरों द्वारा टुकड़े फाड़े जा रहे हैं; वे मातायें जिनके बालों को तारकोल से नहलाकर और क्रूस पर लटकाई गई, और जलाई गई और उनके बालक... होने वाली मातायें, वे उनके पेट फाड़ते और बालक के लिंग पर बाजी लगाते; बैठा रहा और होने दिया; वे लोग जो इस परमेश्वर के दास समझे जाते।”

26 आप देखते हैं, वचन प्रेरणा है। आप कभी भी वचन को नही जान पायेगे कि केवल बैठ कर इसे पढ़ते रहे, उसे धर्म विद्यालय के दृष्टिकोण से, शिक्षा की दृष्टि से; इसने कभी काम नही किया।

27 अधिक समय नही हुआ मैं बैप्टिस्ट के सेवक से बातें कर रहा था, उसने कहा, “जब तक हम यही यूनानी भाषा ना सीखें, जब तक हम ना… ”

28 मैंने कहा, “निसियन सभा में, उसके पहले वे बाईबल के यूनानी शब्दों पर तर्क कर रहे थे।” आप इसे कभी नही जान पायेंगे।

29 बाईबल प्रेरणा से प्रगट हुई। केवल यही चीज है, वह प्रकाशन। यीशु ने पतरस को बताया, “इस पत्थर पर।” प्रकाशन का यह पत्थर प्रगट करता है वह कौन है। “हे योना का पुत्र, शमौन, मांस और लहू ने यह तुझ पर प्रगट नही किया, परंतु मेरा पिता जो स्वर्ग में है, उसने यह तुझ पर प्रगट किया है; इस पत्थर पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा।” पतरस पर नही, ना कि अपने पर, परंतु इस आत्मिक प्रकाशन पर कि वह कौन था।

30 और वह वचन है! संत यूहन्ना एक, “आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था। और वचन देहधारी हुआ और हमारे मध्य में रहा।” इब्रानियों 13:8, “वह कल, आज, और सर्वदा एक सा है।”

31 इसलिए हम उस दिन में रह रहे हैं, जब की परमेश्वर के वचन का प्रगटीकरण पेंटीकोस्टल युग से भिन्न में आया है। और यह ठीक बात है। स्मरण रखें, आप… मैं अनपढ़ व्यक्ति हूं; परंतु आप प्रकृति को नही हारा सकते, क्योंकि परमेश्वर प्रकृति की निरंतरता में कार्य करता है। जैसा कि मैंने कहा सूर्य उदय और अस्त होता है; और दिन को पार करता है जैसे विद्यालय का युग; और सांझ को मर जाता है कि अगली प्रात: फिर उदय हो। पेड़ों में, जाड़े के समय जीवन रस जड़ों में चला जाता है, और बसंत में वापस आता है।

32 ध्यान दें, ये गेहूं के बीज के समान है, दुल्हन, यही कारण है कि परमेश्वर इसे इसी प्रकार चलने देता है। वह शानदार, वास्तविक, मूल कलीसिया जो पेंटिकोस्टल के दिन पर स्थापित हुई, वह बढ़ी और बढ़ी उस पेंटिकोस्टल के दिन से, उस महान कलीसिया में अंधियारे युग में इसे भूमि में गिरना ही था, और सारे बीजों के समान दबे रहना था। इसे मरना ही था ताकि यह फिर से सुधार में वापस आये यह सुधारक व्यक्ति के रूप में वापस आया, मार्टिन लूथर। और वहां से जैसे कि गेहूं का डंठल ऊपर आ रहा है, पहली चीज जो ऊपर आती है, वे दो पत्तीयां तब फिर और पत्तियां आती है।

मार्टिन लूथर आया, और फिर ज्विनगिल, और आगे केल्विन, और जैसे वे बढ़ते गए।

33 अत: यह पुष्प ब्लेड में आ गया। और यह जॉन वैसली वैसली युग में था। इसमें पराग कण आ गए।

34 वहां से पेटीकोस्टल युग आया, इतना समीप, जैसा कि गेहूं का वास्तविक बीज हो, यदि आप उस पुष्प ब्लेड को देखें। परंतु यदि आप उस गेहूं को लेंगे, और उसे निकालें तो उसमें दाना नही होगा, यह केवल भूसा दाने के *आकार* में है। परंतु इसे वहां किसी उद्देश्य से रखा गया है कि दाने के लिए आड़ बने जब तक... यदि *इसी* प्रकार से सूर्य उस पर पड़े, तो यह उसे मार डालेगा।

35 इसे वहां एक निश्चित समय तक रहना है और सारा जीवन उस छिलके से, छिलके को छोड़ें (जैसे कि यह भूसे को छोड़ता है परागकण को छोड़ता है), और बीज में चला जाता है और फिर वही रूप धारण करता है, जैसे कि यह आरंभ भूमि में था।

36 अब, हम सब यह जानते हैं जब कभी संदेश दिया गया, तो तीन वर्षों में, उन्होंने एक संस्था बना ली। जब वे यह करते हैं, ये इसे वही मार देता है; ये लूथर के दिनों में यही हुआ, ऐसा ही वेसली के दिनों में हुआ, यही अलेक्सजेंडर कैंपबेल के दिनों में हुआ, और उन बाकी के यही पेंटीकोस्टल के दिनों में हुआ। बिल्कुल यही! देखा? आप एक स्थान में पहुंचते हैं हर कोई घमंडी हो जाता है और हट जाता है और वे नया प्रकाशन प्राप्त नही कर सकते। वे बस गए; और वे वहां है और वे मृत हो गए। और उसमें से जीवन चला गया, और गेहूं को बनाने के लिए आगे बढ़ गया। और जब गेहूं आता है, वह जीवन जिसने उस गेहूं तक यात्रा की, वह पुनरुत्थान में सारी चीजों को ले आता है; जी हां, स्वर्गारोहण के लिए ले आता है।

37 अब, स्मरण रखे, यह संदेश दिव्य चंगाई से आरंभ हुआ, आश्चर्य कर्म हुए। अब यदि परमेश्वर इसे साधारण कलीसिया के द्वारा होने देता है जैसे कि हमारे यहां हुए हैं, तो यह परमेश्वर नही था। परमेश्वर को दिखावा नही करना होता है; वह—वह ये नही करता उसे यह चीजें नही करनी है कि हमारा मनोरंजन करें, जैसा कि हम अमेरिकन किया करते हैं (मनोरंजन), परंतु वह यह लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए करता है, कि वह कुछ करने पर है।

38 उसे देखिए जब वह आता है। “वह शानदार अच्छा भविष्यवक्ता, रब्बी गलील का भविष्यवक्ता।” क्यों, उसकी सेवा आश्चर्यजनक थी, उसका हर कलीसिया में स्वागत है।

39 परंतु एक दिन वह बैठ गया, कहा, “मैं और पिता एक है।”

40 “ओह, प्रभु!” यह बहुत अधिक हो गया। “ऐसे व्यक्ति से अलग रहो!”

41 “जब तक तुम मनुष्य के पुत्र का मांस न खाओ, और उसका लहू पीओ, तो तुम में जीवन नही।”

42 “क्यों वह एक जादूगर है! ऐसे व्यक्ति से अलग रहो!” समझे?

43 देखिए, उस चिन्ह के पीछे–पीछे कुछ आने वाला है। देखिए, कुछ आने वाला है।

44 भूसे ने उसे थाम रखा है, परंतु अब भूसा अलग हो गया; इसे होना ही है। और स्मरण रखें, बीस वर्ष बीत गए है, इसमें से कोई नामधारी नही बना, और यह नही आयेगा। हम नामधारियों के अंत में है, गेहूं ने रूप धारण कर लिया है। परंतु अब गेहूं के साथ क्या मामला है, आप नही कर सकते... इसे पकने के लिए पुत्र की उपस्थिति में रहना है, इसके पहले कि इस यांत्रिकी उठा ले।

45 अब, घटनाएं जो घटित होती हुई देखते हैं यह पूरी रीती से बाईबल में दर्शायी गई है हर युग की। हम सोचते हैं कि हम उस प्रबंध से बाहर है, परंतु हम नही हैं, हर चीज ठीक परमेश्वर के वचन के संग चल रही है।

46 अब बाईबल किसी भी पवित्र पुस्तक से अलग है। बाईबल जैसी कोई पुस्तक नही है, क्योंकि बाईबल वचन में परमेश्वर का रूप है। समझे? ये... विचार का प्रगटीकरण है एक वचन। परमेश्वर का विचार प्रगट किया गया, उसका वचन भविष्यवक्ताओं के द्वारा; और उन्होंने बाईबल लिखी, जो की वचन के रूप में है। और यीशु ने इसे, “एक बीज” कहा। और कोई भी बीज अपने ही प्रकार को लाएगा, यदि इसकी परिस्थिति ठीक होगी सही वातावरण। अब, यह पुस्तक... भविष्यवाणी की यह पुस्तक यह भविष्य की घटनाओं को पहले बता रही है। अब, यह पुस्तक यीशु मसीह का समस्त प्रकाशन अपने में रखती है। आपको इसमें मिलाना नही या इसमें से निकालना नही है, और हर प्रकाशन इसी से ही आना है। देखिए, इसे वचन ही होना है।

47 इसलिए लोग कहते हैं, "मेरे पास प्रकाशन था।" जी हां, हम जानते हैं जोसफ स्मिथ और बहुत से उनके पास प्रकाशन और चीजें थी, परंतु वचन के विरुद्ध।

48 इसे वचन के अनुसार ही होना है यदि यह परमेश्वर की ओर से आता है, क्योंकि इसे प्रमाणित होना है या परमेश्वर की उपस्थिति का प्रमाण। और वह ये सारी चीजे पहले ही से जानता है... उसके पूर्वज्ञान होने के कारण उसने अभिषिक्त पहले से अभिषिक्त किया है (बाईबल में यह, "पहले से ठहराया जाना" है) हर युग उस स्थान पर और हर व्यक्ति अपने स्थान पर और हर संदेश वाहक अपने स्थान पर। वह परमेश्वर है, शैतान उससे बढ़कर और कुछ नही ले सकता। और वह परमेश्वर है, उसने हर चीज को होने के लिए पहले से ठहराया है, और ठीक उसके वचन के अनुसार होता है।

49 इसलिए यदि हम देख सकते हैं, उसके वचन के द्वारा कि किस युग किस समय में हम रह रहे हैं, आप इसे ठीक बाईबल में देखेंगे, इस युग में हम क्या हैं... इस समय में क्या घटित होना है।

50 अब, दूसरी पुस्तके, हम बहुत सी पुस्तके पाते हैं जो "पवित्र पुस्तके" कहलाती है और आदि–आदि। और मैंने कुरान पढ़ी है और बहुत सी और। परंतु, आप देखिए कि उनकी—उनकी पवित्र पुस्तकें आचार–शास्त्र है, आचरण का, या धर्म विज्ञान की।

51 परंतु ये पुस्तक, एक भविष्यवक्ता यह और पुस्तक से भिन्न है। बाईबल परमेश्वर का वचन है, जो भविष्य को बताता है यह पहले से बताता है, क्योंकि यह पूर्व चेतावनी है।

52 यदि परमेश्वर कुछ भेजता है, तो बाईबल में प्रतिज्ञा करता और कहता है, तो वह तब तक की कुछ नही करेगा जब तक की वह पहले अपने नबियों को ना बता दे। ये आमोस 3:7। वह... और परमेश्वर झूठ नही बोल सकता। वह इसे प्रगट करता है सारे युगों में होते हुए उसके करने की यही विधि है। वह इसे करने में कभी असफल नही हुआ।

53 अब, हम से अंत के दिनों में इसे फिर वापस लाने की प्रतिज्ञा की गई है। वहां कोई कलीसिया नही होगी, कोई नामधारी नही, मेथोडिस्ट, बैप्टिस्ट, प्रेसबीटेरियन, पेंटीकोस्टल वह इन कलीसिया से कभी दुल्हन नही लेगा (उनकी इस आधुनिक स्थिति में) वे ये नही कर सकते वे असफल हो गये, वे एक दूसरे की जान को बने हैं, और सांसारिकता भीतर आ गई है,

और आदि–आदि, और—और वे अपने ही मार्गों में मर गए। और इसलिए परमेश्वर जानता है।

54 और इस वचन को प्रगट करने के लिए एक कहता है, “मुझे यह मिल गया, और परमेश्वर धन्य है, यह *इस* प्रकार से है।” इसी प्रकार से तब था जब यीशु पहली बार आया था; हर एक के पास एक शिक्षार्थी और हर एक के पास *यह* था। परमेश्वर के पास से हमारे पास से हमारे पास कुछ आना ही था। और परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा की थी। एक ही विधि है जिससे करेगा वह यह कि अपना नमूना बनायें रखें, मलाकी चार के अनुसार अंत के दिनों में, उसने हमारे पास भेजने की प्रतिज्ञा की है, एक भविष्यवक्ता पृथ्वी पर होगा, “जो लोगों के ह्रदय को फेर देगा, बालकों के ह्रदय को प्रेरित पूर्वजों की ओर फिर फिरेगा।” उसने अपने वचन में इसकी प्रतिज्ञा की है। लुका 17 और बहुत सी जगहो में उसने इसकी प्रतिज्ञा की है, वह... अंत के दिनों में वह इसे करने के लिए प्रमाणित वचन से क्या करेगा।

55 देखिए, एक मनुष्य कुछ भी कह सकता है परंतु जब तक परमेश्वर उस वचन का अनुवाद ना करें... देखिए, अब हमारे पास अपनी व्याख्या है हम कहते हैं इसका *यह* अर्थ है, और यह वाला, मेथोडिस्ट, *यह* कहता है, बैपटिस्ट, *यह* कहता है, पेंटीकोस्टल ने *यह* कहा, वननेस *यह* कहता है, टुनेस *यह* कहता है। और ओह, आप यहीं पर है। परंतु इसको अनुवाद की आवश्यकता नही है, वह स्वयं अपना अनुवादक है। वह अपने वचन का स्वयं अनुवाद करता है, उसको प्रमाणित करने के द्वारा, उस युग में जिसमें उसका उद्देश्य है, वह युग जो इसके लिये दिया गया।

56 हम पेंटीकोस्टल युग में जीवित नही है, हम दूसरे युग में जी रहे हैं। देखिए, हम मेथोडिस्ट के युग में नही जी रहे हैं, हम दूसरे युग में रह रहे हैं। हम यहां दुल्हन के युग में जी रहे हैं, कलीसिया को बाहर बुलाना और स्वर्गारोहण के लिए साथ इकट्ठे होना। यही वह योग्य है युग है जिसमें हम रह रहे हैं। मेरे निष्पक्ष दृष्टिकोण में यह बिल्कुल सही है।

57 और यह पुस्तक भविष्यवाणी की पुस्तक है। विश्वासियों के लिए आज्ञा है कि इसका आदर करें और इसे पढ़ें और इसके लेखक का विश्वास करें, क्योंकि हर वचन जो इसमें लिखा है उसे घटित होना ही है हर बात जिसकी प्रतिज्ञा हुई है, उसे घटित होना है क्योंकि यह यीशु मसीह हर युग में है। बीते कल में, ये यीशु मसीह नूह में था; मूसा में वह यीशु मसीह था, दाऊद

में ये यीशु मसीह था, युसूफ में; यह यीशु मसीह था, ये यीशु मसीह कल, आज और सर्वदा एक सा है। और आज यह यीशु मसीह अपने लोगों के मध्य में है, उन प्रतिज्ञा किए गए कार्यों को कर रहा है, जो उसने इस युग में करने हैं। यह यीशु मसीह है।

58 परंतु कलीसिया इतनी घमंडी हो गई, यहां तक कि जैसा भाई ने यहां कहा। और—और हमारी कलीसियाये भी उसी प्रकार की हो गई जब तक कि हमे कोई चीज झकझोर कर वचन पर वापस ना ले आए। हम कैसे जानते हैं कि इससे काम चलने वाला है? इसे तो परमेश्वर की अपनी योजना के अनुसार आना ही है। यह साधारणजन के द्वारा नही लाया जा सकता, यह व्यापारी द्वारा नही आयेगा, यह कलीसियाओ के द्वारा नही आ सकता। परमेश्वर ने अपनी योजना रखी है।

59 उस दिन मैं यहां शेवरेपोर्ट में बोला था, समस्त राष्ट्र में प्रसारण के द्वारा कि *सेवा बगैर परमेश्वर की मर्जी के करना*। दाऊद ने परमेश्वर के वाचा के संदूक कों वापस घर में लाने का प्रयत्न किया, वह अभिषिक्त राजा था। क्यों, उसने—उसने अपने—अपने प्रतिनिधि से अपने—अपने सहस्त्र पतियों और आदि–आदि से परमर्श कि या और उन सब ने कहा, कि "प्रभु का वचन है।" उसने याजक से परामर्श किया, "जो बहुत अच्छा था।" और वे सब इतने उत्तेजित थे, वे चिल्लाये, और हर धार्मिक कार्य किया, जो था। और वे सब परमेश्वर की इच्छा के इतने विरोध में थे, क्योंकि वहां राष्ट्र में नबी था जिसका नाम नातान था उससे इस विषय में पूछा ही नही गया। समझे? और हम पाते हैं, इससे कार्य नही हुआ, यधपि वे निष्ठावान थे, परमेश्वर की सेवा करने का यत्न कर रहे थे।

60 और आप कभी भी इतने निष्ठावान हो सकते हैं; परंतु जब तक हम यह नही जान ले कि हम क्या कर रहे हैं आप हवा में घूसे चला रहे हैं। वापस परमेश्वर के वचन में आए, और उसके साथ सही हो जाये, और फिर जाये तब आप जानते हैं। एक—एक सिपाही के समान, जो नही जानता कि करना है, जब तक उसे करने के लिए आज्ञा ना मिले। हमें मसीही सिपाही होना चाहिये और इस घड़ी के लिए बाईबल से आज्ञाये लेनी चाहिये; ना कि बीते कल की जिम्मेदारी या उसके पीछे की जिम्मेदारी परंतु आज (कि हमें कहां जाना है) उस घड़ी का पता करें कि जिसमें हम जी रहे हैं।

61 और यह आधुनिक घटनाएं हमारे से तेजी से निकल रही है, और एक दिन हम पाने जा रहे हैं, कि हम खाली पीछे घूट जायेंगे और पकड़े गए, पशु कि छाप में मोहर बंद हुए इसके पहले कि हम जाने।

62 अब, और धीरज के साथ हमें इसकी प्रतीक्षा करनी है, उन भविष्यवक्ताओं के लिए जिनकी प्रतिज्ञा हुई है, उनमें से प्रत्येक को इस युग में पूरा होना है। क्योंकि यह हमें पहले से बता दिया गया है, इसके पहले कि लेखक इसे करें और हम इसे होते हुए फिर से देखें यह क्या ही समय है जिसमें हम रह रहे हैं! कुछ एक—एक कलेण्डर के समान; आप कलेण्डर को देखते हैं कि आप वर्ष के कौन से दिन में जीवित है और आप परमेश्वर कि बाईबल को देखते हैं कि हम कौन से युग में जीवित है। हम मैथोडिस्ट के युग में नही जी रहे हैं, बैपटिस्ट युग। हम दुल्हन के युग में जी रहे हैं, बुलाहट, परमेश्वर के मार्ग से वापस लाए जा रहे हैं, जिससे उसने वापस लाने कि प्रतिज्ञा की है। उसने यह करने की प्रतिज्ञा की है।

63 परंतु जैसा कि यह हर युग में रहा है, लोग अपनी ही व्याख्या डालते हैं उस धर्म ज्ञान के द्वारा और परमेश्वर के दिव्य प्रमाण का विश्वास नही करेंगे (यह परमेश्वर की व्याख्या है); ना कि जो मैं कहता हूं, या जो कोई और कहता है; परंतु जिसकी परमेश्वर ने प्रतिज्ञा दी है और जो परमेश्वर करता है, यह सिद्ध करता है कि यह परमेश्वर कि अपनी व्याख्या है, अपने ही वचन की।

64 उन्होंने यह तुम पेंटीकोस्टलो को पैतालीस, पचास वर्षों पहले बता दिया आपके माताओं और पिताओं को जब वे मूल पेंटेकोस्तल थे, संस्था से बाहर निकले और बातों को श्रापित ठहराया, और उन में से बाहर आ गए: फिर जैसे कुत्ता अपनी उल्टी पर फिर से इसमें वापस चले गए, और वही बातें की उस कलीसिया को मार डाला तुम अपनों के द्वारा ही मारे गए। वही चीज उनमें के लोगों के विरोध में कुछ नही, यह उन चीजों को तंत्र जो इसको कर रहा है।

65 घर... घर जा रहा हूं... मैं दूसरे व्यक्ति की सभा में यह प्रचार नही करता। *मैं सर्प के चरण चिन्हो* को प्रचार करने जा रहा हूं, इसे सुने यदि आप टेप लेते हैं।

66 और ध्यान दें, वे परमेश्वर के वचन की भविष्यवाणियों को पूरा होता हुआ, देखने में चूक गए। यदि वे याजक... उन्होंने यह तय कर लिया था कि

किस प्रकार से मसीह आने वाला था वे जानते थे कि क्या घटित होने वाला है फरीसियों के अपने विचार थे सदूकी, हिरोदियन और सारे, उनके यह उनके अपने–अपने विचार थे। परन्तु वह नही आया... वह उनके विचारो से विरुद्ध आया, परन्तु ठीक वचन के अनुसार। यीशु ने कहा, यही बात यहाँ पर थी: “यदि तुमने मुझे जाना होता, तो तुम मेरे दिन को भी जानते, यदि तुमने जाना होता, तुम कहते हो, ‘अच्छा मूसा हमारे पास मूसा है।’” कहा, “क्यों यदि तुम मूसा का विश्वास करते, तो मेरा भी विश्वास करते; क्योंकि, उसने मेरे विषय में लिखा है।”

67 परन्तु, देखिये जब परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञाओ कि पुष्टि कर रहा था, तो ये उनके लिए यह गौरव पूर्ण विधि से था जिसमें कि यीशु को आना चाहिये था, और... मेरा अर्थ मसीह को। मसीह को सीधे उनके झुंड के पास आना था या फिर वह मसीह नही। भई, आज यह लगभग वैसा ही है, “यदि तुम मेरे चश्मे से नही देखते हो तो, फिर तुम नही देख रहे हो।” देखिए, और इसलिए यह—यह इस प्रकार से है। हम... यह सत्य है। ऐसा सोचने से हमें घृणा आती है, परंतु यह पूर्णत सत्य है।

68 इब्रानियों 1:1, परमेश्वर ने पूर्व युगो में बाईबल को अपने चुनी हुयी विधि से लिखा। उसने इसे धर्म ज्ञानियों द्वारा कभी नही लिखवाया, ना ही इसकी व्याख्या, धर्म ज्ञानियों द्वारा की। कभी भी ऐसा समय नही रहा कि—कि धर्म ज्ञानियों ने परमेश्वर के वचन की व्याख्या की हो, व्याख्या केवल भविष्यवक्ता के ही पास आई। और केवल एक ही विधी कि इस बखेड़े से बाहर आए परमेश्वर ने हमें वह भविष्यवक्ता भेजा, बिल्कुल सही केवल एक ही विधी द्वारा यह होने जा रहा है, कि इसका विश्वास किया जाये, ध्यान दिया जाये और—और पूरा हो।

69 देखिए, यह मनुष्य द्वारा नही लिखा गया, परंतु यह परमेश्वर के द्वारा लिखा गया था, यह धर्म ज्ञानियों की पुस्तक नही है। यह परमेश्वर की पुस्तक है, जो कि भविष्यवाणी कि पुस्तक भविष्यवक्ता द्वारा लिखी गई और भविष्यवक्ताओं के द्वारा अनुवाद किया गया। बाईबल ने कहा, “प्रभु का वचन भविष्यवक्ताओं के पास आता है।” बिल्कुल सही!

70 यह कितनी सुंदर चित्रित किया गया था, या, करके दिखाया गया जब यीशु पृथ्वी पर आया था, और यूहन्ना उस दिन का नबी था, और वह—वह भविष्यवाणी कर रहा था। उन्होंने कहा, “तुम्हारे कहने का अर्थ है कि

परमेश्वर हमारी यहां बड़ी बड़ी सभाओं को तोड़ने जा रहा है और ये सारी बातें? और एक समय होने जा रहा है, जब हमारे—हमारे मंदिरों में, और अधिक आराधना नही होगी? ”

71 उसने कहा एक समय आ रहा है जब परमेश्वर, परमेश्वर के मेमने का बलिदान चढ़ायेगा, एक मनुष्य। और उसने यह कहा कि—कि जब वह आयेगा तो वह जान जायेगा। और उसने कहा... वह उसके संदेश के लिए इतना निश्चित था, उसने कहा, “वह ठीक तुम्हारे मध्य में है, और तुम इसे नही जानते।” वह ठीक तुम्हारे मध्य में है, और तुम नही जानते।

72 और एक दिन जब यीशु निकल कर आया यूहन्ना ने ऊपर देखा और उसके ऊपर चिन्ह देखा, उसने कहा, “देखो परमेश्वर का मेमना, जो संसार के पाप उठा लिए जाता है।” उसी घड़ी यीशु जान गया कि वह लोगों के सामने प्रमाणित किया गया। अब, वह वचन था, क्या हम संदेह करेंगे? बाईबल ने कहा वह वचन था, “आदि में वचन था, वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था, और वचन परमेश्वर था। और वचन देहधारी हुआ, और हमारे मध्य में वास किया।” और वह यहां पर है... यहां वचन पृथ्वी पर है (देखा! सही सिद्ध!) सीधा जल मैं भविष्यवक्ता के पास पहुंचा।

73 यह ठीक बात है, वचन सदा उसके भविष्यवक्ता के पास आता है। इसलिए हम यह आशा नही कर सकते कि यह धर्मज्ञानियों के पास आता है, इसके आने की आशा हम नामधारियों के पास नही कर सकते, अब इसे परमेश्वर के ही मार्ग से आना है, जिसके विषय में वह हमें बता चुका, और यही मार्ग है जिससे वह कभी आया। इससे घृणा की जायेगी, तुच्छ जाना गया, अस्वीकार किया गया। जब यह आता है, इसे एक ओर फेंक दिया गया और आदि–आदि, परन्तु जो भी हो परमेश्वर इसे करेगा। इसे यीशु मसीह में अस्वीकार किया गया, इसे यूहन्ना में अस्वीकार किया गया था, इसे यर्मयाह में होते हुए अस्वीकार किया गया था इसे मूसा से होते हुए अस्वीकार किया गया था, यह सदा इसी प्रकार से रहा। परंतु परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञा के मार्ग पर आगे बढ़ा कि वह इसे करेगा। जी हां, श्रीमान, वह इसे करने में कभी भी असफल नही रहा कि इसे उसी प्रकार से करे।

74 वह मनुष्य जिसने उसका दर्शन देखा या उसकी आवाज सुनी कभी भी इसे नही समझ सका। बहुत से मामलों में वह नही जान पाया, क्योंकि

वह केवल परमेश्वर का एक यंत्र है। यह परमेश्वर का विचार मनुष्य के होठों से प्रगट हुए, एक विचार, परमेश्वर का प्रगट किया गया वचन। परमेश्वर अपना चुनाव स्वयं करता है, अपने पूर्वज्ञान के चुनाव से उसने यह हर युग में किया, उसने हर युग के लिए मनुष्य को तय किया। जैसे जब मूसा, जब वह उसे पूरा करने पर था जो उसने अब्राहम से कहा था। मूसा एक ठीक सही बालक उत्पन्न हुआ, वह ऐसा होने में कुछ नही कर सकता। वह इसी प्रकार से जन्मा, क्योंकि वह उद्देश्य के लिए जन्मा था।

75 और इसलिए हम पाते हैं कि परमेश्वर यह हर युग में करता है। परमेश्वर अपना चुनाव अपने पूर्व ज्ञान के चुनाव से करता है, अपने नबी को चुनता है और वे बातें उस युग के लिए तय करता है; उसका स्वभाव तय—तय करता है मनुष्य का स्वभाव, मनुष्य के प्रचार का तरीका कि उसके वरदान का सम्मान करें और सब वह इसलिए करता है कि उस दिन कि चुनौती को ले। परमेश्वर ने उस मनुष्य को रचा और उसे भेजा। और उनके विचार में जैसा मैंने गत रात्रि प्रचार किया, हम परमेश्वर के जीवांश के जीन है। वह जान गया कि यह मनुष्य उस युग में होगा, इसके पहले कि कोई अणु होता, या एक ज्योति होती या कोई चीज पृथ्वी पर होती।

76 क्योंकि आप अपने पिता के जीन है और आप अपने पिता में थे, तब भी आपके पिता कि आपके साथ कोई संगति नही थी, क्योंकि वह... आप वहां पर थे, परंतु आप यह नही जानते थे, और वह नही जानता था, परंतु आप प्रगट हुए, ताकि आप कर सके... वह आपके साथ संगति कर सकें। और आप नया जन्म पाने के कारण, आप अनंत जीवन से जन्मे और यह परमेश्वर का जीवन, *जोई* है। *जोई* ग्रीक याने यूनानी भाषा का शब्द अनंत जीवन का एक रूप है।

77 तब यदि आप परमेश्वर के पुत्र या परमेश्वर की पुत्रियां है, तो आप सारे समय से परमेश्वर में थे। परंतु वह जानता था कि आप कौन से गर्भ और समय मे लगाये जायेंगे। इसलिए अब आप एक जीवधारी बनते हैं, एक परमेश्वर के एक पुत्र परमेश्वर के प्रगट किए हुए पुत्र या पुत्री या कि इस घड़ी की चुनौती को स्वीकार करें इस घड़ी के जीवत परमेश्वर और सत्य को प्रमाणित करने के लिए, वह संदेश जो इस समय आ रहा है। यह ठीक बात है! पृथ्वी के रचने से पहले आप तय हो गए थे। यदि यह नही था... यदि आपको इस प्रकार नही चुना गया, तो कोई मतलब नही आप कितनी

भी नकल का यत्न करें, आप इसे नही कर पायेंगे। आप चुकंदर मे से लहू नही पा सकते, जब कि उसमें लहू है ही नही?

78 यही कारण है कि मैं कहने का यत्न करता हूं... तब लोग सोच रहे होते हैं... हम स्त्रियों पर छोटे बालो के लिए चिल्लाते हैं इस बात को कहने के विषय में लोग मुझसे कहते हैं, कि "आप अपने अपनी सेवकाई खराब करने जा रहे हैं।" वह सेवकाई जो परमेश्वर ने स्वयं अभिषिक्त की? ऐसा ना हो! और जब लोग परमेश्वर का वचन सुनते हैं... जब एक मां को बालक का गर्भ ठहरता है जब वहां एक कोशिका जाती है तो दूसरी कोशिका उसके ऊपर बनती है। यह एक कोशिका मनुष्य की नही, अगली कुत्ते की, और अगली बिल्ली की और अगला कुछ; और यह सीधे–सीधे मनुष्य जाति की। और जब एक मनुष्य परमेश्वर के आत्मा से जन्मा हो, तो वह कुछ और उसके जीवन में नही मिलाता, यह परमेश्वर का शुद्ध वचन है जो उस घडी में प्रमाणित हुआ। वह परमेश्वर का पूरा वचन लेता है, वह उसमें मतसार नही मिलाता, इसमें कुछ नही मिलाता। यह सच्चा शुद्ध परमेश्वर का वचन है, जो हमारे मध्य में प्रगट हुआ है।

79 बाईबल में देखिए, आप देखते हैं कहां, तो हम युग में जीवित है जब आप ये महान बातें देखते हैं जो घटित हो रही है। जब परमेश्वर ने इसे करने की प्रतिज्ञा की है, वह यह सदा करता है, हर युग के अंत में जब कलीसिया एक घुमाव के स्थान पर आ जाती है और यह वचन से घूमकर पाप और सांसारिकता में चली जाती है। सांसारिकता पाप है। बाईबल ने कहा, "यदि तुम संसार और उसकी वस्तुओं से प्रेम रखते हो, तो परमेश्वर का प्रेम तुम में है ही नही।"

80 गत रात्रि बोल रहा था, मैं बलिदान के विषय में बोल रहा था जो कि चढाया गया, वह मेमना। ये सात दिन का होना था सात कलीसियायी कालो को दर्शाता है। और लोगों के मध्य में खमीर ना पाया जाये, सात दिनों तक कोई खमीर नही, इसका अर्थ इसमें कुछ भी ना मिलाया जाये, यह निरंतर अखमीर है। और हम कोई मतसार नही चाहते, खमीर आदि, हम में मिलाना, हम संसार को अपने में नही मिलाना चाहते हैं। परमेश्वर के लिए यह अखमीरी रोटी होनी चाहिये, परमेश्वर का वचन शुद्ध, परमेश्वर का वचन, जो कि, "मनुष्य परमेश्वर के हर उस वचन से जीवित रहेगा, जो परमेश्वर मुख से निकलता है।"

81 हमारी नामधारी के तंत्र और विभिन्न चीजों ने हम में मैं खमीर मिला दिया *ये* या *वह* और संसार, फैशन। ओह, यह इतना हो गया है कि हर ओर हॉलीवुड है। अत: यह आयेगा, यह ब्रिटिश के समान हो जायेगा और वेदी की बुलाहट लज्ञाजनक हो जायेगी, ओह! जैसा एक भाई ने कहा कि, "आप नाव से मछली नही पा सकते? " यह ठीक बात है।

82 हमें सुसमाचार को संपूर्णता में प्रचारना है, परमेश्वर की सामर्थ के साथ यह प्रमाणित करने की इस युग की प्रतिज्ञा के अनुसार यह सिद्ध किया कि ये ठीक परमेश्वर की इच्छा है। इसके बाहर आप केवल कलीसिया के सदस्य है, कोई मतलब नही आप कितना भी यत्न करें, आप परमेश्वर की सेवा का यत्न करें। आप सिलाई–कढ़ाई के झुंड में जा सकते हैं, आप कलीसिया के प्रति निष्ठावान हो सकते हैं; परंतु जब तक आप में अनंत जीवन का जीवांश आप में नही ठहराया गया कि परमेश्वर के पुत्र या पुत्री बने तो आप कुरूपता में बढ़ेंगे; परंतु कभी भी वास्तविक नही, परमेश्वर के सच्चे पुत्र या पुत्री।

83 अक्सर मैं छोटे उकाब की कहानी सुनाता हूं कैसे एक बार किसान ने मुर्गी बैठाई और उसके पास... मैं आशा करता हूं आपको धर्म विरोधी नही लगेगी। परंतु किसान ने मुर्गी बैठाई और वह... बैठाने को एक अंडा कम था। मुझे संदेह है कि कोई जानता है कि कितने अंडे बैठाने हैं, इसमें कितने होने चाहिये। परंतु जो भी है, एक अंडा कम था, पर्याप्त नही थे। इसलिए उकाब के घोसले से चुरा लिया उसके दो अंडे थे। और उसने वह अंडा मुर्गी के नीचे रख दिया।

84 जब वह उकाब उन चीजों के बीच निकला तो वह विचित्र पक्षी था वह मुर्गी की आवाज को समझ नही सका, इस प्रकार से ना कर सका... जैसा कि वह उससे बातें करते सुनना चाहता था। और उसने भूसे के घेरे में पंजे चलाये और उस घेरे में से खाया, यह भोजन उसके लिए नही था। वह उनके मध्य में भोंडा चूजा था। मुर्गी बोले और वह ना समझा। वह उधर जाती और *यह* खा और वह *खा* वह यह समझ ना पाया। एक दिन उसकी मम्मी याने मां, बल्कि आपके लिए। मैं... दक्षिण में हम "मम्मी" कहते हैं।

85 इसलिए, जो भी है वह... उसकी—उसकी—उसकी मां जानती थी कि उसके दो अंडे थे, और उनमें से एक वहां पर था वह दूसरे के लिए गई।

उसने समस्त क्षेत्र में... चक्कर लगाया और अंत में वह उस घेर के ऊपर उड़ी उसने से उसे वहां बूढ़ी मुर्गी के पीछे–पीछे चलते देखा। वह चिल्लाई, “छोटे! तुम चूजे नही हो, तुम उकाब हो!” यह उसे सुनने में सही प्रतीत हुआ। क्यों? वह आरम्भ से ही उकाब था।

86 और जब पुरुष या महिला उस मतसार और ठंडे और औपचारिक धर्म के नीचे बैठे होते हैं, यदि वह परमेश्वर का पुत्र होने के लिए ठहराया हुआ है, और वह परमेश्वर क शब्द देखता है कि सामर्थ में प्रचारा गया है, और परमेश्वर इसका समर्थन करता है; वह आरम्भ से ही उकाब है, तो वह निश्चय ही इसकी और दौड़ेगा, जैसे दो और दो चार होते हैं। वह इसमें कुछ नही कर सकता, क्योंकि उसका स्वभाव परमेश्वर के वचन से प्रेम करता है। मैं चिंता नही करता कि कौन क्या कहता है, जब वह परमेश्वर के वचन को प्रगट होते हुए देखता है, वह उधर ही को उड़ता है, क्योंकि वह छोटा उकाब है।

87 और जैसे वे कहते रहते हैं, उसने कहा, “मां, मैं यहां से कैसे ऊपर उठू? ”

88 और उसने कहा, “बस एक छलांग लगा, मैं तुझे उठा लूंगी।”

89 और केवल यही आपको करना है, अपने पैरों पर एक छलांग लगानी है, एक छलांग परमेश्वर की ओर, एक प्रतिज्ञा, “प्रभु यीशु, मैं आप पर पुरे हृदय से विश्वास करता हूं। मैं इस घड़ी के संदेश का विश्वास करता हूं। मैंने इसकी पुष्टि होते देखी है, और मैं जानता हूं कि यह सही है।” अपने पैरों पर कूदो, मां तुम्हें पकड़ लेगी। चिंता ना करो, आप एक उकाब है, आपको लेने के लिए, वह ठीक वहां पर होगी।

90 अब हम यह अनुभव करते हैं कि हम एक जबरदस्त समय में है और एक महान समय, परंतु जब इस बाईबल का सत्य विश्वासियों ने इसका समर्थन होते हुए देखा है, यही प्रमाण है कि परमेश्वर इसमें है। बिल्कुल! यह तक जो प्रतिज्ञा किया हुआ वचन जिसकी परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है, प्रगट हुआ, बीच का किल्ला फूटा और वे इसे देखते हैं, और वे इसका विश्वास करते हैं। दूसरे इसे नही देख सकते, जो भी हो वे बैठेंगे, और इसे देखते हैं।

91 आप जानते हैं, मैंने भरसक यत्न से... समस्त राष्ट्र में प्रचार किया है कि राष्ट्र में बाल कटी स्त्री नही होनी चाहिये। परंतु, हर बार मैं वापस आता

हूं, तो और होती है। क्या मामला है? कुछ गड़बड़ है! आप जानते हैं कि वचन कहता है, आप कहते हैं, "भाई, इससे कोई अंतर नही पड़ता।" इससे अंतर पड़ता है!

92 एक भला भाई है, उसने कहा, "मैं आप पर हाथ रखने जा रहा हूं, भाई ब्रन्हम। मैं आपसे प्रेम करता हूं। आप अपनी सेवकाई चला रहे हैं।" कहा, "उन स्त्रियों को यह बताने का आपका कोई काम नही इस विषय में।" कहा, "इसे पास्टर करें।"

93 मैंने कहा, "यद्यपि वे इसे नही करते।" मैंने कहा, "अब... "

94 उसने कहा, "भई, यह आपका काम नही है, आप केवल बीमारों के लिए प्रार्थना करें।"

95 मैंने कहा, "तो फिर यह किसका काम है? मुझे सुसमाचार प्रचार करने के लिए बुलाया गया है।"

96 कहा, "मैं आप पर हाथ रखुंगा और परमेश्वर से मांगुंगा कि इसे आपसे दूर कर दे।"

97 मैंने कहा, "मुझे भी आप—आप अपने पर हाथ रखने दे।" समझे? और मैंने कहा, "मैं प्रार्थना करूंगा कि परमेश्वर आपकी आंखें खोल दे, और आप इसे देखेंगे।" इसलिए, कि यह ठीक है!

98 उसने कहा, "आपको प्रचार करना चाहिये... लोग आपका विश्वास करते हैं कि आप सेवक परमेश्वर के नबी है।" उसने कहा, "आपको स्त्रियों को यह सिखाना चाहिये कि महान महान वरदान कैसे प्राप्त करें, और भविष्यवाणी और आदि–आदि।"

99 मैंने कहा, "मैं उन्हें बीज गणित कैसे पढ़ा सकता हूं जब की वे अपने क ख ग का भी विश्वास नही करते? " यह ठीक बात है। इसलिए आप यह नही कर सकते, यह बस हर उसमें है... यह ठीक बात है। यदि आप साधारण चीजें भी नही कर सकते तो आप आत्मिक चीजे कैसे करने वाले हैं? स्वाभाविक चीजे। निश्चय ही! भाईयों, बहनों यह बात आपको चुटकले जैसी सुन पड़ती है, परंतु यह सुसमाचार है! यह—यह सुसमाचार का सत्य है। यह ठीक बात है!

100 ध्यान दें, आज हम पाते हैं कि लोग... बहुत से लोग हैं जो इसका विश्वास नही कर सकते, यहां तक की आत्मा से भरे लोग भी। अब मैं

आपको एक देने जा रहा हूं, जो आपका सांस रोक देगा। पवित्र आत्मा के बपतिस्मे का अर्थ यह नही है कि आप अन्दर जा रहे हैं, बिल्कुल नही, उस पर नही इसका आपके प्राण से कोई लेना देना नही। यह बप्तिस्मा है, देखा। यहाँ पर भीतर प्राण है, *यहाँ* अन्दर, इसे परमेश्वर की ओर से आना है, परन्तु फिर बाहर आपके पांच चेतनाये है और पांच बाहर... आपके भीतर की ओर... आपके पृथ्वी के घर से संबंध। भीतर, आपके पास आत्मा है और इसमें आपके पास पांच निकास है: आपका विवेक, और प्रेम, और आदि–आदि। उस आत्मा के पांच निकासी। स्मरण रखें, उस आत्मा में आप परमेश्वर की वास्तविक आत्मा का बपतिस्मा हो सकता है, और फिर भी नष्ट। यह प्राण है जो जीवित रहता है यह परमेश्वर का ठहराया हुआ था।

101 क्या यीशु ने नही कहा, "उस दिन बहुत से मेरे पास आयेंगे, कहेंगे, 'प्रभु क्या मैंने प्रेत आत्मायें नही निकाली, महान और सामर्थी कार्य किए, भविष्यवाणी, परमेश्वर के महान वरदान?'" उसने कहा, "'मुझसे दूर हो जाओ, कुकर्म करने वालों, मैंने तुम्हें कभी नही जाना।' उस दिन बहुत से आयेंगे।"

102 क्या कैफा ने भविष्यवाणी नही की? वह एक शैतान था। हम वहां पाते हैं... और वे याजक, वे महान पुरुष, उन्हें उन दिनों को महान अगुवे होना चाहिये था, दीनता और सब कुछ, परंतु परमेश्वर के वचन को देखने में असमर्थ, जो स्वयं उनके सन्मुख प्रगट हुआ।

103 हम उनके एक झुंड को ले सकते थे, मैंने यहां लिख रखा है। बालम के विषय में क्या है? वह एक था... आप कहते, "परमेश्वर अपना विचार बदलता है।" वह अपना विचार नही बदलता!

104 जब बालम एक नबी के सामान गया, और वहां गया, एक बिशप, प्रचारक, आप जो भी उसे कहना चाहे वह एक महान पुरुष था। परंतु जब उसने जाने के विषय में परमेश्वर से परामर्श किया और इस्राएल को श्राप देना; वह उन्हें आरंभ से ही नही चाहता था। इसलिए उसने जाने को पूछा, परमेश्वर ने कहा, "मत जा!"

105 तब उन्होंने उच्च अधिकारियों को भेजा... संभव है बिशप या प्रेसपिटेर या कुछ ऐसा ही कहा, बहुत शिक्षित कि उसे तैयार करें। वह वापस गया, और परमेश्वर से फिर पूछा। आपको परमेश्वर से दूसरी बार नही पूछना है!

जो परमेश्वर पहले कहता है, वही है! आपको किसी चीज की प्रतीक्षा नही करनी है।

106 रिबिका ने दूसरी आज्ञा की प्रतीक्षा नही की, उन्होंने उससे पूछा, कहा, “क्या तू जायेगी”

107 “उसे कहने दो।”

108 उसने कहा, “मैं जाऊंगी!” वह पक्की रीति से परमेश्वर से प्रेरित थी। परमेश्वर के आत्मा के स्पंदन पर कार्य करने से वह बाईबल की एक रानी बन गई, जो कि उस पर हुआ था कि वह उस परम सत्य को स्वीकार करें, और उसने इसका विश्वास किया।

109 और हम सही में बालाम को पाते हैं, वह नही देख सका। वह बाहर गया और लोगों को देखा, कहा, “अब, जरा एक मिनट! यहां हम एक महान बड़े लोग हैं, तुम एक बिखरे हुए झुंड हो।” आप समझे? “और हम सब—सब एक ही परमेश्वर का विश्वास करते हैं।”

110 यह सत्य है। उन सब ने उसी परमेश्वर का विश्वास किया। और सब ने यहोवा की आराधना की। बालाम के बलिदान को देखें; सात वेदियां, परमेश्वर का सिद्ध अंक; सात कलीसियायी काल, देखिए; सात मेंढे। प्रभु के आगमन के लिए बोल रहे हैं, मूलत:, वह आधारभूत था, जैसा मूसा था; परंतु आप देखिए, वहां कोई दिव्य समर्थन नही था। वहां वे दोनों भविष्यवक्ता थे।

111 परंतु मूसा की सेवकाई में, वहां अलौकिक अग्नि स्तंभ था, एक ज्योति जो पड़ाव के ऊपर था। वहां दिव्य चंगाई थी, वहां पड़ाव में राजा की आवाज़ थी, महान चिन्ह, दिव्य चंगाई, और आश्चर्यकर्म, और चीजें लोगों के मध्य में घटित हुई। यह जीवित परमेश्वर का चिन्ह उसके लोगों के मध्य में था।

112 मूलत:, वे दोनों ठीक थे। और बालाम ने लोगों को उकसाने का यत्न किया, और इसमें सम्मोहित कर लिया, कब? प्रतिज्ञा के देश में पहुंचने के थोड़ा सा पहले। अगले दो, दिन वे प्रतिज्ञा के देश में होते।

113 परंतु अब मैं डरता हूं... यह चिन्हित करना कठीन है, किसी दिन इसके लिए गोली मारी जायेगी। परंतु यह स्मरण रखें कि गिरजे की सार्वभौम संगठन द्वारा कलीसियाये सम्मोहित की जायेगी, वह आपके अधिकार को

उसमें ले जा रहा है, कहते हुए, “आप एक ही झुंड है।” आप उस एक ही झुंड के नही! उस चीज में से आप बाहर आ जाओ, और अलग हो जाओ! निश्चय ही, यह सत्य है। हमे इस चीज से अलग रहना है, जहां तक हो सकता है, आप इससे अलग रहे।

114 बालाम ने कहा, “हम... हमारे बालक एक दूसरे से विवाह कर ले, क्योंकि, कुल मिलाकर, हम एक ही परमेश्वर का विश्वास करते हैं।”

115 “कैसे दो एक साथ मिलकर चल सकते हैं जब तक वे सहमत ना हो? ” आप कैसे परमेश्वर के संग चल सकते हैं, जब तक आप उसके के वचन से सहमत ना हो? कैसे आप इसमें मतसार आदि मिला सकते हैं, जबकि आपके ऐसा ना करने के लिए ठहराया गया है, या, आपको आज्ञा दी है कि ये ना करे? आप ये नही कर सकते। इसे करने का कोई मार्ग नही है, भाई, बहनों। आप उस खमीर को अखमीरे में नही मिला सकते। तेल और पानी नही मिल सकते। अंधेरा और उजियाला नही मिलेंगे। ज्योति इतनी शक्तिशाली है, यह अंधकार को हटा देती है।

116 इसलिए हम इसे नही मिला सकते। ना ही आप संसार का पाप एक साथ मिला सकते हैं। आप कलीसिया और नामधारी को एक साथ नही मिला सकते। आप कलीसिया और मतसार को एक साथ नही मिला सकते। आप संसार और सुसमाचार को एक साथ नही मिला सकते। यह नही मिलेगा! “उनके बीच से बाहर आ जाओ,” परमेश्वर ने कहा, “अलग रहो, मैं स्वयं तुम को ले लूंगा। तुम मेरे पुत्र और पुत्रियां होंगे, मैं तुम्हारा परमेश्वर होऊंगा।” हम ये कभी नही कर सकते, जब तक ये चीजें प्रगट ना हो जाये, और परमेश्वर का वचन इस घड़ी के लिए सत्य सिद्ध हुआ। पद चिन्हों पर चलें।

117 पेंटीकोस्ट, इसी कारण लूथर ने अपना संदेश खोया। इसी प्रकार से वैसली ने अपना संदेश खोया। देखिए, यदि वेसली की कलीसिया चलती रहती तो वे पेंटीकोस्टल होते, यदि लूथरन चलते रहते, तो वे मेथोडिस्ट होते। समझे? और अब यदि पेंटीकोस्टल बढ़ते रहे, तो यह दुल्हन होंगे। यदि आप पीछे रुक जाते है और वापस संसार में चलते जाये जैसा कि आप अब जा रहे हैं, आप नष्ट हो जायेंगे! यह केवल भूसा और डंठल जलने के लिए रहेगा। हम यह जानते हैं। वह अपने को गेहूं को खत्ते में इकट्ठा करेगा। परंतु भूसे को ना बुझने वाली आग में जला देगा, यद्यपि यह ले जाने वाला

रहा है। निश्चय ही यह आगे ले गया। परंतु जैसे ही पत्ती बना जीवन ने इसे छोड़ दिया, यह कुछ और बनाने के लिए आगे बढ़ गया, जब तक यह अपने पूरे कद में नही आ गया।

118 और इसी प्रकार से कलीसिया न्यायोचितता पवित्रिकरण और पवित्र आत्मा के बपतिस्मे से होती हुई आई (वरदानों की वापसी), और मसीह की शक्ल सूरत मैं बन गई। मसीह दूल्हा है, और कलीसिया दुल्हन है, और दुल्हन दूल्हे का भाग है। इसे वचन कलीसिया ही होना है, ना की नामधारी कलीसिया यह वचन कलीसिया होगी, ये वचन जो परमेश्वर के वचन के द्वारा समर्थन प्राप्त है।

119 बालाम वह यह अंतर नही देख सका। बहुत से नही देख सकते

120 फिरौन यह नही देख सका, यद्यपि यह ठीक उसके सामने प्रमाणित हुआ।

121 दातान यह नही देख सका। दातान आया, और मूसा को देखा और जाना, वह वहां गया, बोला, "तुम यह सोचने का यत्न कर रहे हो कि झुंड में केवल तुम ही हो। सारी मंडली पवित्र है!" परमेश्वर ने इस प्रकार का व्यवहार कभी नही किया। उसे तो इससे अधिक अच्छा जानना है। और उसने कहा, "भाई, सारी मंडली पवित्र है। तुम स्वयं को बनाने का यत्न कर रहे हो... " यदि आज हम इसे कहते गली का मुहावरा, "समुंद्र किनारे की अकेली बटिया।"

122 मूसा जानता था कि परमेश्वर ने उसे वहां इसी कार्य के लिए भेजा है। बस उसने कहा, "प्रभु... " मंदिर के—के द्वार पर गिरा।

123 और परमेश्वर ने कहा, "अपने आपको उससे अलग कर।" और उनको निगल गया।

124 और स्मरण रखें, वह पाप जो इस्राएल ने किया (बालाम के कहने के द्वारा, "सब एक से हैं।"), इस्राएल का वह पाप कभी क्षमा नही हुआ। और देखिए, मैं आपको एक चौकाने वाला आंकड़ा दूं: बीस लाख जिन्होंने मिस्त्र छोड़ा, उनमें से दो प्रतिज्ञा देश में पहुंचे। उन में से प्रत्येक ने एक ही चीज खाई, उन सब ने आत्मा में नृत्य किया, उन सब की सामूहिक थी; परंतु जब अलग हो जाने का समय आया तो वचन में अलग किया। ऐसा ही आज है! वचन अलग कर रहा है! उसने कहा, जब समय आता है, "क्यों, यहां, हम हैं... "

125 देखिए, इतने समीप, बाईबल ने कहा, "अंत के दिनों में दो आत्मायें," मती 24:24, "इतने समीप होगी कि यदि हो सके तो चुने हुओ को भरमा दे।" भूसा एकदम गेहूं के समान दिखाई पड़ता है, परंतु यह गेहूं नही है। समझे? यह गेहूं नही है, परंतु यह ठीक वैसा ही दिखाई पड़ता है। समझे? इतना समीप, कि यह चुने हुए को बहका दे। आप नामधारी बन गए और नामधारी में चले गए, और सूख गए, और मर गये, और गेहूं इसमें से होते हुए आगे बढ़ गया... समझे? यह बिल्कुल ठीक है! यह ले जाने वाला है, परंतु गेहूं नही है।

126 स्मरण रखें गेहूं आगे बढ़ता रहता है। पुनरुत्थान में गेहूं की सारी सामर्थ सीधी गेहूं में आ जायेगी, जैसे कि यह सिर बनाने जा रहा है, कि उस महान पुनरुत्थान में आ जाये।

कभी क्षमा नही किया गया!

127 हम यहां एक क्षण के लिए रुके। मैं आशा करता हूं कि मैं आपकी श्वास नही रोकूंगा। परंतु, मेरी और देखें, मैं आपसे एक बात पूछू। हम जरा इसे ले उदाहरण के लिए ये सही रहेगा। जब किटाणु पुरुष और स्त्री से आते हैं, यदि आपने कभी परखनली के विषय जाना हो या—या पशुओं की मिलावट आदि करनी हो, आप पायेंगे कि नर के उत्सर्जन से लाखों शुक्राणु आते हैं। और मादा के उत्सर्जन से लाखों अंडे आते हैं। परंतु क्या आपको मालूम है कि वहां केवल एक उपजाऊ है? वे छोटे बछड़े या वे जो भी है इन लाखों जीवांश में, लाखों जीवांश वहां केवल एक ही छोटा जीवांश उन बाकी सब में से स्वयं में कार्य करेगा, और आगे से बढ़कर और उपजाऊ अंडा ढूंढेगा, उसमें चला जायेगा और बाकी मर जायेंगे। उनमें से एक जीवन के लिए ठहराया हुआ है बाकी दूसरे नही यदपि वे सारे एक से है। लाखों में से एक!

128 क्या हो यदि आज रात्रि भी इसी प्रकार से हो? वहां पचास करोड़ मसीही होने चाहिये, मैं समझता हूं इस संसार में, लगभग इतने या इसके आस-पास। यदि आज रात्रि स्वर्गारोहण हो तो इन जीवतो में से पांच सौ लोग होंगे, इतने तो किसी भी दिन चले जाते हैं, लगभग वे इसको गिन नही सकते। दुल्हन उठा ली जायेगी और हम आश्चर्य करेंगे यह सब क्या है; और लोग प्रचार के लिए जा रहे होंगे, कह रहे होंगे कि, "उन्हे *ये* और *वह* और *वह* मिल रहा है," और देखिए वह क्या है धोखा होगा। कहिए,

यदि यह ऐसा होगा, मैं नही कहता यह ऐसा है मैं नही जानता, मेरा इस पर कोई अधिकार नही। परमेश्वर इसका न्यायी है। परंतु देखिए यह कितनी सरलता से हो सकता है, सारे गिनतियो और चीजें, यह कैसे सिद्ध किया जा सकता है।

129 कोरह इसे क्यों ना देख सका? दातान इसे क्यों नही देख सका?

130 आहाब इसे देख पाया? जब आहाब... जब यहोशपात आहाब के पास गया उसने कहा, “आहाब, हम संकट में हैं। तुम जानते हो परमेश्वर ने यह भूमि दी है, यहोशु ने इसे बांटा है? तुम जानते हो भूमि का यह भाग आरमियो (सीरियायो) ने ले लिया है, क्या यह हमारी भूमि नही? ”

“हां!”

131 “हमारे बालक भूखे हैं, और आरामी (हमारे शत्रु) अपने बालकों को खिला रहे हैं, उनके पेट गेहूं से भर रहे हैं, जो हमारा होना चाहिये।” यह वचन के अनुसार ठीक है। कहा, “क्या तुम मेरी वहां जाने में सहायता करोगे और उसे ले? ”

132 अब, कभी–कभी एक अच्छा व्यक्ति बुरे के प्रभाव में आ जायेगा। भली प्रकार से ध्यान दें, कलीसिया, ध्यान से देखें।

133 अब पहली बात आप जानते हैं यहोशोपात एक बड़ा धर्मी होने के नाते, उसने कहा, “ठीक है, निश्चय ही हमे जाना चाहिये, अपनी कलीसिया के लिए हम सब एक ही लोग हैं।” परंतु वे एक से लोग नही थे! नही! उसने कहा, “भाई, हमारी कलीसिया तुम्हारी कलीसिया है, हमारे लोग तुम्हारे लोग निश्चय ही हम जायेंगे,” उसने कहा, “परंतु पहले हम प्रभु से पूछे।”

134 इसलिए उसने कहा, “ओह... ” (आहाब) “... कोई संदेह नही, हमें इस विषय में सोचना चाहिये। भाई, हम करेंगे... ”

135 “क्या कोई प्रभु का भविष्यवक्ता है? ”

136 कहा, “मेरे पास उन से भरा हुआ धर्म विद्यालय है। यहां मेरे पास चार सौ है। वे सबसे अच्छे वाले हैं वे सब पीएच.डी., एलएल.डी. है, वे दुगुनी एल.डी. है और इसके साथ सब कुछ है, वहां हर एक... ” अब स्मरण रखें, वे *इब्रानी* भविष्यवक्ता थे, भविष्यवक्ताओं के विद्यालय से।

137 कहा, “उन्हें बुला लाओ, जरा उनकी सुने।”

138 अब, मैं विश्वास करता हूं कि यहां सिद्धिकिया था (बी पो के ऊपर बड़ा अध्यक्ष, उन सब पर) वहां आया और उसे प्रेरणा हुई, उसे प्रेरणा थी पूर्णता। वह वहां आया और स्वयं दो लोहे के सींग बनायें, उसने कहा, “तुम जानते हो, यहोवा यों कहता है, ‘तुम ये सींग लेने जा रहे हो और आरामियों को देश से बाहर धकेल दो।’”

139 उन सब ने भविष्यवाणी की, “ये बिल्कुल ठीक बात है!” उनमें से प्रत्येक समस्त धर्म विद्यालय सहमति में। समझे?

140 आहाब ने कहा, “आप देखिए?”

141 यहोशोपात, एक प्रकार से आत्मिक आप जानते हैं, वह कुल मिलाकर सूखा नही था, उसने कहा, “परंतु क्या यहां कोई और नही है, कहीं भी, जिससे हम परामर्श ले?”

142 “दूसरे से तुम क्या सलाह जीना चाहते हो जब कि समस्त एकता वर्धक (समस्त संगठन), यह कहता है, ‘यह ठीक है’?” (मुझे क्षमा करें) “कुल मिलाकर कर कहा, ‘यही जो हमें करना है।’” समझे? “‘यही जो हमें करना चाहिये।’”

143 उसने कहा, “परंतु क्या यहां कोई दूसरा नही है?” आप जानते हैं, वह विचित्र है।

144 उसने कहा, “हां, एक है। एक है, इमला का पुत्र मिकायाह, परंतु मैं उससे घृणा करता हूं।” सदा इसी प्रकार से। “मैं उससे घृणा करता हूं, क्योंकि वह सदा हमारे लोगों पर चिल्लाता है, और मुझे कोसता है, और मेरे विषय में भला बुरा कहता है। मुझे उस व्यक्ति से घृणा है!”

145 कहा, “ओह, राजा ऐसा ना कहें।” कहा, “जाओ उसे बुला लाओ।”

146 इसलिए वे वहां इमला के पुत्र के पास गए, उनमें से कुछ बिशप लोग या कुछ बड़े लोग और वहां जाकर कहा, आप सुनिए, “क्या तुम संस्था में फिर वापस आना चाहते हो? तुम वही बात कहना जो वे कहते हैं, वे तुम्हें वापस ले लेंगे।”

147 परंतु ऐसा हुआ कि परमेश्वर का एक जन था, जानता था जिस पर वे अपना हाथ नही रख सके; परमेश्वर का हाथ उस पर था। वह तो बस परमेश्वर की सच्चाई का दर्पण था। कहा, “निश्चय ही,” कहा, “मैं जाऊंगा, परंतु मैं केवल वही कहूंगा, जो परमेश्वर मेरे मुख में डालेगा।” वहां परमेश्वर

का जन है। उसने कहा, “मुझे एक रात्रि का समय दो।” इसलिए रात आई और प्रभु नबी से बोला, बेचारा कुछ भी नही। पहली बात आप जानते हैं, वह अगली प्रात: आया।

कहा, “इस विषय में क्या है, इमला? ”

148 उसने कहा, “जाओ चढ़ जाओ, ” कहा, “परंतु मैं इस्राएल को पहाड़ों पर भेड़ों की नाई तितर–बितर देखता हूं, जिनका कोई चरवाहा ना हो।”

149 उसने कहा, “मैंने आपसे क्या कहा! मैं इस विषय में आप से क्या कहा!” और उसने कहा...

150 तब बड़ा बिशप चढ़ कर आया और उसके मुख पर थप्पड़ मारा, बोला, “परमेश्वर का आत्मा किधर गया? क्योंकि मैं जानता हूं मेरे पास आत्मा था; मैं इसमें नाचा, मैंने सारी चीजें की। आत्मा मेरे—मेरे ऊपर था। यह किधर गया? ”

151 अब, देखिए इमला परमेश्वर का पुत्र होने के कारण या परमेश्वर का एक वास्तविक नबी उसने अपने दर्शन को वचन से परखा। यदि यह वचन के साथ नही था, तो यह गलत था। समझे? उस घड़ी के लिए वचन, देखा। अब, उसने वचन के अनुसार कहा, भूमि उनकी है, भूमि उनकी थी। वचनानुसार, हर बात यही प्रतीत होती है, सिवाये एक बात के।

152 स्मरण रहे, ये एक वचन था जिस कारण सारी गड़बड़ी आ गई, हवा ने परमेश्वर के एक वचन का अविश्वास किया; बाईबल में पहले ही एक वचन के कारण परेशानी हुई। यीशु, बाईबल के बीच में आया, कहा, “मनुष्य परमेश्वर के हर वचन से जो उसके मुख से निकलता है, जीवित रहेगा।” बाईबल के अंत में कहा, “जो भी एक वचन निकाले या एक वचन इसमें मिलाये।”

153 यह सुसमाचार का भाग नही... मेथोडिस्ट के पास एक भाग है, बैप्टिस्ट, प्रेसबीटेरियन और आदि–आदि, उनके पास इसके भाग है, कैथोलिक के पास इसका भाग है, यहोवा विटनेस, और बाकी सारे

154 परंतु यह समस्त वचन सारा वचन, समय का वचन; जो कि अर्थ रखता है। और हम यह कभी नही करेंगे, जब तक परमेश्वर भविष्यवक्ता का अभिषेक ना करें जो खड़ा हो सकता है और इसे बताये और उसकी पुष्टि

करें और सिद्ध करें कि यह सही है। यह लोगों के मध्य में जायेगा, और वे इसे कभी भी ना जानेंगे, जैसा कि यह सदा से रहा है।

155 आप कैथोलिक, जैसे जॉन ऑफ आर्क, तुमने उसे जीवित जला दिया; जादूगरनी के नाते, बाद में तुमसे उन याजको की लाशों को खोदा, दो सौ वर्षों पश्चात और उन्हें नदी में फेंक दिया। तुमने संत पैट्रिक को नही जाना और बाकी उनको।

156 यह फिर तुम्हारे मध्य मे से हो जायेगा, पहली बात तुम जानते हो, परमेश्वर इसे करेगा, और तुम्हें कभी यह मालूम भी नही पड़ेगा कि यह हो गया। देखिए, यह बीच में से निकल जाता है, और अपनी दुल्हन को लेता है और उसे ऊपर उठा लेता है, ठीक लोगों के बीच में से।

157 हम पाते हैं, उस छोटे मिकायाह ने कहा, उसने परखा वह जान गया कि परमेश्वर ने कहा था, उसके पहले। एक सच्चे भविष्यवक्ता से, उसके पहले के भविष्यवक्ता से उसने क्या कहा? उसने यह कहा, उसने कहा, "आहाब, क्योंकि तूने धर्मी का लहू बहाया याने धर्मी नबोत का लहू कुत्ते तेरा लहू भी चाटेंगे, और इजाबेल।" और यह बिल्कुल सही है, ये तो घटित होना ही था, क्योंकि परमेश्वर ने ये कहा। तो वह नबी कैसे अच्छी भविष्यवाणी कर सकता है जबकि यह इसके विरोध में बुरा है?

158 मैं कैसे इस लोदिकियन कलीसियायी युग के लिए अच्छी बातें बता सकता हूं, जबकि परमेश्वर इसके विरुद्ध बोला? तुम नंगे, बेचारे! तुम कहते हो, "मैं धनी हूं, मैं अच्छा... मेरे पास मेथोडिस्ट और बैपटिस्ट और प्रेसबीटेरियन जैसी कलीसियाये है। मेरे पास *ये* है, *वह* है; सबसे अच्छा *यह*, *वह*, और *अन्य* है।" यह ठीक बात है, परंतु नही जानता कि तू नंगा, अंधा, और बेचारा उस वास्तविक चीजें के लिए है, जो परमेश्वर प्रगट कर रहा है। यह तेरे सामने से होकर निकल जायेगा, बाहर चला जायेगा। समझे? लोगों, इसके पहले कि देर हो जाये विश्वास कर लो।

159 अब हम पाते हैं कि उसने उसके मुंह पर थप्पड़ मारा, और कहा, "परमेश्वर का आत्मा किस ओर गया... ? "

160 मिकायाह ने कहा, "मैं परमेश्वर को सिंहासन पर विराजमान देखता हूं। और... उसने स्वर्ग के प्रतिनिधियों को बुलाया, 'कौन नीचे जाकर और आहाब को धोखा दे सकता है?'" बोला, "और एक झूठी आत्मा आई और परमेश्वर के सन्मुख दंडवत किया; एक झूठी।" और स्मरण रहे, वह

झूठी आत्मा उन भविष्यवक्ताओं में बैठ गई, उन्हें तब ही मालूम हो जाना चाहिये था कि यह आत्मा परमेश्वर के वचन के अनुसार नही है। परंतु वे इतने दूर हो गए थे, क्योंकि वे राजा के भविष्यवक्ता थे, क्योंकि उनके पास हर अच्छी चीज थी।

161 और यही आज कलीसिया ने किया है। आप पुराने ढंग के अनुभव से अलग हो गए हैं, जो तुम्हारे पास वर्षों पहले थे जब तुम गली के कोने खड़े होते, और सुसमाचार प्रचार करते थे। स्वयं को संस्थाओं से बाहर निकालो और स्वयं में “स्वतंत्र लोग” कहा (हे!) क्योंकि तुम इसमें फिर लिपट गए, जैसे सूअरनी कीचड़ में या कुत्ता अपनी उल्टी को। यदि इससे इसे पहली बार उल्टी हुई, यह दूसरी बार भी उल्टी करवायेगा, यह ठीक बात है, परमेश्वर आपको अपने मुंह से थूक देगा, उसने कहा, “तू गुनगुना है, ना तो गर्म या ठंडा है”; थोड़ी सी सभायें, फिर कुछ थोड़ा... और—और संगीत थोड़ा सा गाना, जब, ये बहुत ही... यह मसीहत के लिए अशोभनीय हो गया है।

162 मेरे पुत्र ने उस दिन फोन पर कहा कि टेलीविजन देखू मधुमक्खियों के समान गा रहे हैं जहां लोग आये। छोटे आवाराओ के झुंड वहां खड़े हैं, नाचने वालों के समान हिल रहे हैं, उन भक्ति गीतों को गा रहे हैं, यह यीशु मसीह के लिए अशोभनीय है! यहां कलीसिया में कोई गंभीरता नही है, यह ऐसा प्रतीत होता है। यह कुछ नाचने जैसा हो गया है और एक फैशन दिखावा, बजाये जीवित परमेश्वर की कलीसिया, जहां यीशु सामर्थ में स्वयं को प्रगट कर सके। ऐसा लगता है, कहीं कोई गड़बड़ी है। वे हट गए। और बाईबल ने कहा ये इस प्रकार से होगा। समझे? देखिए कि आप कहां है, सावधान हो, इसके पहले कि देर हो जाये, जाग जाये।

163 अब हम पाते हैं, उसने कहा, “हम किसको वहां भेज सकते हैं और आहाब को बहकाए, कि उसे वहां पहुंचाये कि भविष्यवक्ता का वचन पूरा हो? ” देखिए, यदि भविष्यवक्ता ने एक वचन कहां तो स्वर्ग और पृथ्वी टल जायेंगे परंतु यह असफल नही हो सकता। इसे तो होना ही है। इसलिए इसे तो घटित होना ही है।

164 उसने कहा, “इस व्यक्ति को अंदर वाले कारागार में बंद कर दो, और इसे दुख की रोटी खिलाओ, और दुख का जल। जब मैं शांति में लोटूंगा, तब मैं इसकी सुधी लुंगा।”

165 मिकायाह वहां अड़ा रहा, ये जानते हुए कि उसके पास परमेश्वर का आत्मा है। उसकी भविष्यवाणी और दर्शन सही थे। उसका संदेश सही था, क्योंकि ये यहोवा यों कहता है, उन दर्शनों से, यहोवा यों कहता है, वचन से इसे ठीक होना ही था, यहोवा यों कहता है था। उसने कहा, "यदि तू वापस आ गया, तो परमेश्वर मुझसे कभी नही बोला।" और आप जानते हैं क्या घटित हुआ, निश्चय ही। आप, देखिए...

166 समझे, भाई। सुनिए।

167 निश्चय ही, कैफा इसे नही देख सका। क्यों उसने नीचे नही देखा... ? वह—वह एक बिशप था वह कुल मिलाकर सारी कलीसियाओ का पोप था। वह क्यों नही यीशु को वहां पर खड़ा हुआ देख सका? वह क्यों नही समझ सका? जब कि वे 23 वा भजन संहिता गा रहे थे, 22 वा भजन संहिता कलीसिया में, और, "मेरे परमेश्वर, मेरे परमेश्वर, तूने क्यों मुझे छोड़ दिया? " और वह वहां क्रूस पर लटका हुआ था। वही पवित्र वचन, वही परमेश्वर जिसकी वे वह आराधना कर रहे थे, वे उसे दोषी ठहरा रहे थे, और उसे "धर्मान्ध" के लिए मार रहे थे। यही है।

168 इससे आपको झटका लगेगा, यदि मैं आपको बताऊंगा यही है जो फिर से दोहराया जा रहा है। बाईबल ने कहा, वह बाहर था खटखटा रहा है कि भीतर आए और उसे कोई भीतर ना आने देगा, "वह जिससे मैं प्रेम रखता हूं, मैं ताड़ना और डांट लगाता हूं, मैं उसे डांटता हूं, मैं उसे झकझोरता हूं, केवल इसलिए कि मैं उससे प्रेम रखता हूं, खोल दे और उसे भीतर आने दे।" जी हां। नही सके... "स्मरण रखें, मैं कलीसिया में नही आना चाहता; *यह* व्यक्तिगत है।" वह कलीसिया में नही आ सकता, उसे बाहर कर रखा था। केवल... उनकी सारी संस्थाये, ये यह कलीसियायी युग है कि वह कलीसिया से बाहर है। बाहर कर दिया! मना कर दिया! तिरस्कृत! क्योंकि... वह अस्थाई रूप में दूसरी कलीसियाओ में प्रगट हुआ न्यायोचितता के रूप में और आदि–आदि, परंतु यहां ये युग जिसमें वह आ रहा है, यीशु मसीह के प्रगटीकरण का प्रमाण है, वह कल, आज, और सर्वदा एक सा है। ओह, मैं यह स्वीकार करूंगा, हमारे पास बहुत सारे नकल करने वाले हैं, परंतु पहले वाले को परखे, मूल वाले को।

169 मूसा परमेश्वर की आज्ञाओं के साथ नीचे गया, ताकि इस्राएल को छुड़ाए; और जब उसने यह किया तो उसने कुछ आश्चर्यकर्म किए, नकल

करने वालों ने उसका अनुकरण किया। यदि वे पहले थे, तो वह नकल करने वाला होता। देखिए, उसके पास प्रभु का वचन था, और प्रभु ने उसे प्रमाणित किया; वह बस शांत रहा।

170 और आप जानते हैं, इसी चीज की अन्त के दिनों में प्रतिज्ञा है? "जैसे यब्रेस और यर्नेस ने मूसा का सामना किया, इसी प्रकार से थे भ्रष्ट विचारों के मनुष्य सत्य के विषय में।" और जब एक संस्था रखती है... एक मनुष्य को संस्था के द्वारा लेती है, तो यह ये दर्शाता है कि यह व्यक्ति परमेश्वर की ओर से नही है; क्योंकि परमेश्वर ने यह चीजें लोगों के विचारों को आकर्षित करने के लिए की, और फिर संदेश आया। यदि ये नही है, तो यह परमेश्वर का नही है। यह परमेश्वर नही है! परमेश्वर सदा यह करता है।

171 यहूदा इसे नही समझ सका। वह उसके साथ-साथ चला, उसने यह नही देखा।

172 परन्तु परमेश्वर का वास्तविक अभिषिक, वास्तविक जीवांश, एक प्राण परमेश्वर में था, पृथ्वी के रचने से पहले था; स्मरण रखे, आप जिनमे वास्तव में परमेश्वर का आत्मा आज रात्रि आप में है, आप यहां मसीह में थे, क्योंकि वह वचन की परिपूर्णता था, वह परमेश्वरत्व की देह की परिपूर्णता था। परमेश्वर मसीह में था, संसार को स्वयं में वापस मिला रहा था। क्या आप इसका विश्वास करते हैं? देखिए, वह मसीह में था। तो फिर यदि आप परमेश्वर में थे, एक जीवांश (जीन) एक वचन आरम्भ से एक फल तो फिर आप उसके साथ यहां पृथ्वी पर चलें, आपने उसके साथ यहां पृथ्वी पर बातें की आपने यहां पृथ्वी पर उसके साथ दुःख उठाया आप उसके संग कलवरी पर मरे, और आप फिर उसके साथ जी उठे; और अब आप स्वर्गीय स्थानों में मसीह यीशु के संग बैठे हैं (वचन) जैसे कि यह आपके प्राण में आपको खिलाता है, "मनुष्य हर वचन के साथ जो निकलता है, जीवित रहेगा।"

173 ना कि मेथोडिस्ट का वचन, बैप्टिस्ट का वचन; स्मरण रहे यदि बलिदान में कुछ है, छुटा है तो इसे भोर होने से पहले जलाना है, क्योंकि दूसरा कलीसियायी युग होगा। ठीक है ना? निकास, यह सत्य है। एक प्रतिक, बलिदान की छाया।

174 द्वार। कहा, "मैं एक स्थान बनाऊंगा। ना... तुम हर द्वार पर मेरी आराधना नही करोगे, जो मैंने तुम्हें दिया है, परंतु केवल एक द्वार है और

उस द्वार में, मैं अपना नाम रखूंगा।” और जहां प्रभु अपना नाम रखेगा, वही स्थान है, जहां परमेश्वर आपके बलिदान को स्वीकार करेगा। हमने सब प्रकार के द्वार बना लिए हैं, परंतु परमेश्वर ने एक द्वार बनाया है, परमेश्वर एक द्वार बनाता है, और वह द्वार... संत यूहन्ना दसवां अध्याय, यीशु ने कहा, “मैं वह द्वार हूं।”

175 परमेश्वर ने अपना नाम यीशु में रखा। क्या आप इसका विश्वास करते हैं? वह परमेश्वर का पुत्र था। हर पुत्र अपने पिता के नाम में आता है। उसने कहा, “मैं अपने पिता के नाम से आया हूं, और तुम मुझे स्वीकार नही करते।” मैं अपने पिता के नाम से आया हूं, आप अपने पिता के नाम से आए हैं। यीशु अपने पिता के नाम में आया, इसलिए उसके पिता का नाम यीशु है; बिल्कुल ठीक, क्योंकि वह अपने पिता के नाम में आया।

176 “और तुम मुझे ग्रहण नही करते हैं। दूसरा आयेगा, और उसे तुम ग्रहण करोगे।” तुम अपने नामधारियों को लोगे और उनके साथ जाओगे। बस बढ़ते जाओ, बाईबल ने कहा, “वे इसलिए तैयार किए गए हैं कि इस स्थान को भरे। अंधे, नंगे और यह नही जानते।” कलीसिया, धर्म, ओह, वही धर्म, वैसे ही जैसे केन था; बलिदान किया, सब कुछ वही किया, जैसा हाबिल नही किया। परंतु प्रकाशन के द्वारा उस पर प्रकाशित किया गया कि परम पवित्र क्या है, ना कि मैदान के फल या कुछ अपने हाथों के द्वारा करना।

177 विश्वासी देख सकता है कि वचन देहधारी हुआ; दूसरे यह नही कर सकते।

178 वे सारे इस्राएली, मूसा को यह सब करते हुए देखने के पश्चात और उस महान मंशा पर लाने के पश्चात जहां यह होना था, उनमें से प्रत्येक ने कहा, “हम तो बालाम के साथ जायेंगे, क्योंकि हम सोचते हैं डॉ बालम ठीक है। वह चतुर है, अधिक शिक्षित, और सब कुछ इसलिए हम उसे लेंगे।”

179 और परमेश्वर ने उन्हें कभी क्षमा नही किया, उसने उन्हें वही जंगल में नाश कर दिया। और यीशु ने स्वयं कहा, “वे कभी भी नही आयेंगे, उनमें से कोई नही बचा।” यीशु ने कहा...

180 उन्होंने कहा, “हमारे पूर्वजों ने जंगल में मन्ना खाया, चालीस वर्षो तक।”

181 उसने कहा, "उनमें से प्रत्येक मर गया, परमेश्वर से सदा के लिए अलग। उनमें से प्रत्येक मर गया।" निश्चय ही! क्योंकि उन्होंने एक गलत को सुना, जबकि मूसा परमेश्वर से समर्थन प्राप्त और प्रतिज्ञा के देश की राह दिखाने वाला, और बहुत दूर तक वे ठीक आये, परंतु फिर वे उसके साथ ना चलेंगे।

182 अब, विश्वासी इसे देख सकता है, परंतु अविश्वासी इसे नही देख सकता कि प्रमाणित है।

183 देखिए कैफा कितना पवित्र था देखिए वे सारे याजक वे कितने भक्त थे और यीशु घुमा, कहा, "तुम अपने पिता शैतान से हो, और तुम उसके कामों को करोगे।"

184 परंतु वहां थोड़े से विश्वासी बैठे हुए थे। क्या आप सोचते हैं वे समझ गए थे जब यीशु ने कहा कि, "मैं और पिता एक है"? वे इसकी व्याख्या नही कर सकते थे। जब उसने कहा, "जब तक तुम मनुष्य के पुत्र का मांस ना खाओ, उसका लहू ना पीयो, तुम में जीवन नही," क्या वे इसकी व्याख्या कर सके? नही। परंतु उन्होंने इसका विश्वास किया, क्योंकि उन्होंने परमेश्वर को प्रमाणित होते और देह में होते हुए देख लिया था।

185 यीशु ने कहा, "यदि मैं अपने पिता के कार्य ना करूं, तो मेरा विश्वास मत करना। परंतु यदि मैं अपने पिता के कार्य करता हूं, तो वचन जिसकी भविष्यवाणी मेरे करने के लिए है, तब तुम... यदि तुम मेरा विश्वास नही कर सकते तो मेरे कार्यों का जो मैं करता हूं, विश्वास करो ताकि तुम बचाये जा सको।" समझे? यीशु ने कहा, "मेरी भेड़ मेरा शब्द जानती है। वे मेरा वचन जानते हैं, जब इसे उस युग के लिए प्रमाणित किया जाता है, वे इसे देखते हैं।"

186 "ठीक है, कैफा भी शब्द को जानता था!" परंतु *उस* युग के वचन को नही। उसके पास वह वचन था जो फरीसियो ने उसके अंदर डाला था, परंतु उस घड़ी का प्रमाणित वचन नही।

187 "वे मेरी आवाज जानते हैं, वे मेरा चिन्ह जानते हैं, वे मेरा आश्चर्य कर्म जानते हैं।" अब कैसे कि...

188 ओह, हम अपने मूल पाठ पर वापस आए, क्योंकि यदि हम ऐसा नही करेंगे तो इस वचन का बहुत सा छूट जायेगा, क्योंकि जो भी है मुझे अगले

कुछ मिनटों में बंद करना है, क्योंकि कुछ मिनट में दस बजने वाले हैं। मैं उससे प्रेम करता हूं।

189 मित्रों, आप जो उस गलियारे से आए और थोड़ी देर पहले आपने भेटे डाली; वे लोग जिन्होंने मेरे बालकों को खिलाया उनको वस्त्र से ढाका; लोग जिन्होंने अपने पैसे दान पात्र (आप जिन्होंने कठिनाई से कमाया) मे डालें जानते हैं कहां जाता है? यह सागर पार उन मूर्तिपूजकों के पास जाने में मेरी सहायता करता है जिन्होंने परमेश्वर के विषय में कभी कुछ नही जाना। यही जो मैं इससे करता हूं, हर पाई, परमेश्वर मेरा न्यायी है। यहां मेरे कुछ है... यह व्यक्ति ठीक यहां बैठा है, मेरी कलीसिया का खजांची। मुझे सौ डॉलर प्रति सप्ताह मिलता है, और यही है; बाकी सुसमाचार की सभाओ के उत्तरदायत्व के लिए जाता है, जहां से वे नही आ सकते।

190 कलीसिया मुझे नही लेंगी। वे मुझे नही चाहते। नही। यह ठीक बात है! उन्होंने मुझे नाम दे दिया है: "वो... " वे कहते हैं, "वह 'ओन्ली जीसस' है या वह कुछ ऐसा ही था, कुछ विधर्मी, धर्मान्ध, और इस प्रकार से एक—एक इजाबेल।" और मैं—मैं देखता हूं, वे मेरे प्रभु को "इजाबेल," कहते हैं, और उन्होंने उसे कहा... इजाबेल नही, "बालजबूल" उन्होंने उसे हर बुरे नामों से पुकारा। "यदि उन्होंने घर के स्वामी को 'बालजबूल,' कहा तो वे उसके चेलों को और कुछ क्या ना कहेंगे? " इसलिए इससे कोई अंतर नही पड़ता।

191 और आप स्वयं परमेश्वर की सहायता से, आप सोचते हैं, मैं यहां एक बड़ा ढोंगी खड़ा होऊंगा और आपको कुछ बताऊं... ? या, यह उन पंक्तियों के साथ मेल नही खाएगा, यदि मैंने सोचा है कि यह परमेश्वर की ओर से है?

192 परन्तु यदि मैं आपसे प्रेम करता हूं और जानता हूं कि सत्य क्या है... क्या आपने कभी सुना जो मैंने कभी कोई बात प्रभु के नाम से कहीं और घटित नही हुई? नही। मैं किसी से भी पूछता हूं, हजारों बातें कहीं गई है वे सारी की सारी घटित हुई उस समय को। स्मरण रखें जब सेमवेल बुलाया गया मैं विश्वास करता हूं यह था और उसने कहा... ? इस्राएल स्वयं को उन दूसरे राष्ट्रों के समान बनाना चाहता है। और यही आप पेंटीकोस्टलो इस पर आ रहे हैं आप उन बाकी लोगों के समान व्यवहार करना चाहते हो आप उन जैसे लोग नही है। इससे अलग रहे। बड़ी कलीसियाये, बड़ी

अच्छी चीजें। ओह भाइयों ऐसा ना करें, हम यीशु का आगमन निकट है, यह प्रचार करते हैं, आइए हम बाहर कार्य क्षेत्र में जाये और मूर्तिपूजको पर ध्यान दें। देखिए, इस विषय में कुछ करें।

193 परंतु आप देखिए सेमवेल ने कहा, "क्या मैंने कभी भी एक बार तुम्हारा कोई पैसा लिया अपने जीवनथापन के लिए? "

194 उन्होंने कहा, "नही शमुएल। तुमने ऐसा कभी नही किया।"

195 कहा, "क्या मैंने तुम्हें कोई ऐसी बात कभी बताई, प्रभु के नाम में जो घटित नही हुई? "

196 "ओह, यह ठीक बात है, शमुएल। हम विश्वास करते हैं कि तू परमेश्वर की ओर से भेजा हुआ भविष्यवक्ता है। जी हां, श्रीमान। हर बात जो तूने कही घटित हुई, शमुएल। परंतु जो भी है, हम यह चाहते हैं।" आप देखिए क्या घटित हुआ। ओह भाइयों, पवित्र वचन बार बार अपने को दोहराता है वचन में होते हुए, क्योंकि परमेश्वर के कार्य करने की यही विधि है, आप समझे। देखिए, आप ऐसे ही समयों में है।

197 आइए जल्दी से ने अपने मूल पाठ पर चले। इस सारे समय मैं अपने मूल पाठ पर अभी नही आया।

198 यह मेरे ह्रदय पर है! मैं आपसे प्रेम करता हूं, संसार के साथ नष्ट ना हो! यदि आप संसार के हैं, तो आप संसार के साथ नष्ट हो जायेंगे यदि आप परमेश्वर के हैं तो आप उसके संग पुनरुत्थान में चले जायेंगे। इसलिए आज रात्रि अपना स्वभाव बदल ले, संसार के प्रेम और संसार की वस्तुओं से और ये सारे मतसार और चीजे, और सीधे सीधे कलवरी पर अपने बलिदान दृष्टि रखें; उससे उसी आधार पर मिले, क्योंकि केवल वही स्थान है जहां कभी आपको मिलेगा। वो...

199 मेथोडिस्ट कहते हैं, "यह हमारी कलीसिया में है"; बैपटिस्ट कहते हैं, और पेंटीकोस्टल, और *यह,* और प्रेसबीटेरियन और *यह*।

200 परंतु उसने कहा, "मैं उससे एक स्थान में मिलूंगा, वह स्थान जहां मैंने अपना नाम रखा है।" वह यीशु मसीह में। यही जहां परमेश्वर ने अपना नाम रखा है। केवल यही स्थान है, वह आप से मिलेगा और यह मसीह वचन है, कल वैसा ही था... यह पैरों से बढ़ता हुआ, जांगे। और अब यह

सिर पर है, जाने के लिए तैयार है; दुल्हन के पूरे रूप में प्रगट हो रहा है, वैसे ही जैसे दूल्हा।

201 अब आइए अपने मूल पाठ पर चले, जल्दी से लगभग दस मिनटों में और फिर हम बंद करेंगे। अब हमारा मूल पाठ, जहां हम इस पर विचार करते हैं। यह फिर से घटित हुआ, जैसा की हमारा मूल पाठ, जैसा कि यह अक्सर घटित हुआ।

202 परमेश्वर ने अपना भविष्यवक्ता भेजा जैसा कि वह... मलाकी तीन में वचन की प्रतिज्ञा है, "एक दूत को मैं अपने आगे–आगे," उसके आगमन से पहले भेजता हूं।

203 अब यदि आप इसे सिद्ध करके समर्थन देना चाहते हैं मती का ग्यारवा अध्याय, इसी का समर्थन करता है। जब यूहन्ना के चेले आए और यीशु को देखकर बोले, "यूहन्ना जेल में है।" कहा, "हम यह पूछने आए हैं कि वह... "

204 यूहन्ना की उकाब की आंखें ढाकी गई। और वह जेल में था, वह मरने पर था; कहा, "जाकर उससे पूछो।"

205 देखिए, यूहन्ना ने कहा, "ओह, उसका सूप उसके हाथ में है, वह उसे भली–भांति साफ करेगा।" उसने सोचा सहस्त्रशताब्दी अभी आरंभ होगा उसने सोचा बीज तैयार था। परंतु उसे मरना था और डंठल में जाना था और फिर आकर और सच्ची दुल्हन को बनाना था। इसलिए उसने कहा, "वह अपने गेहूं को खत्ते में जमा करेगा, और आग से जलाएगा।" इस—इस पर ध्यान दें, *उस* युग में मसीह के आगे चलने वाला, जो उसने कहा उसे घटित होना ही था। "बीज... "

206 और मैं आशा करता हूं कि आप सो नही रहे हैं। बीज यहां पर है! इसे खात्ते में जमा किया जायेगा। यह वह दुल्हन है, उसका वह भाग। परंतु उसने जो कहा वही डंठल के साथ होगा? यह ना बुझने वाली आग से जलाया जायेगा। अब उद्धार को ढूंढ ले जबकि आप ढूंढ सकते हैं। बीज बने, ना कि डंठल। समझे? जीवन में जाये ना कि ठंडे रूप में; मसीह के जीवन में जाये, वचन प्रकट हुआ प्रगट हुआ इस प्रकार प्रमाणित हुआ। यह—यह है यह एकत्र होने का समय है, कटाई आ रही है। बेहतर होगा कि आप बीज में आ जाये, क्योंकि भूसा पीछे छोड़ दिया जायेगा।

207 अब, हम पाते हैं कि यह घटित हुआ है, यीशु... अपने अवतरण को पूरा करते हुए ये मती 11। देखिए, उसने यूहन्ना को नही दिया... वह कहता है, “प्रतीक्षा करें, कि मैं यूहन्ना के लिए पुस्तक देता है कि कैसा व्यवहार करें, *एक विश्वासी जेल में।*” नही! उसने कहा, “यहां पास खड़े हो जाओ और देखो क्या घटित होता है। वापस जा कर यूहन्ना को बताओ कि क्या हुआ: लंगड़े चलते, अंधे देखते, मुर्दे जिलाए जाते, और सुसमाचार कंगालों को सुनाया जाता है।” ठीक वही जो नबी ने कहा घटित होगा। “धन्य हो तुम जिन्होंने मुझसे ठोकर नही खाई।”

208 और उसके चेले पहाड़ के उस पार चल दिए, वह घुमा और बोला, “तुम वहां क्या देखने गए थे जब तुम यूहन्ना को देखने गए? क्या तुम एक मनुष्य को देखने गए जो कोमल वस्त्र पहने हैं, और आदि–आदि, और गोल कोलार और यह सब आप जानते हैं? ” कहा, “वे लोग राजभवन में है, वे बालकों को चूमते और मुर्दे गाडते, वह नही जानता कि दोधारी तलवार कैसे पकड़ी जाती है।” समझे? कहा, “तुम वहां क्या देखने गए थे? सरकंडे को जो हवा से हिलता है? ” (“यूहन्ना यहां आओ, यदि तुम यहां आओगे तो मैं तुम्हें और पैसे दूंगा।” “परमेश्वर आपको आशीष दे, मैं अब मैथोडिस्ट नही हूं, मैं पेंटीकोस्टल हो जाऊंगा, मैं प्रेसबीटेरियन हो जाऊंगा, मैं *यह, वह,* वह जो अधिक पैसे के साथ हो।”) कहा, “तुमने हवा से हिलते हुए सरकंडे को नही देखा।” कहा, “तुम वहां क्या देखने गए थे, एक भविष्यवक्ता को? ” उसने कहा, “हां, और एक भविष्यवक्ता से बड़े को।”

209 यूहन्ना ने यीशु को सबसे कम योगदान दिया। ये जानते हुए कि उसे इस प्रकार आना है; उसका परिचय कराने के पश्चात, और उसके ऊपर चिन्ह देखने के पश्चात, उसने कहा, “यह मसीह है, ” तो फिर आकर पूछता है, “क्या तू वही है, या हम किसी और कि प्रतीक्षा करें? ”

210 परंतु, देखिए, यीशु यह जानते हुए, वह मुड़ा और उसने उसके लिए योगदान किया, कहा, “तुम क्या देखने गए थे, हवा से हिलते हुए सरकंडे को? ” कहा, “स्त्री से जितने मनुष्य उत्पन्न हुए उनमें यूहन्ना से बढ़कर कोई नही, आज के दिन तक।” यह ठीक बात है! इस मनुष्य का क्या ही अभिनंदन किया!

211 परंतु, आप देखिए, यह था कि भविष्यवाणी ठीक उनके सामने पूरी हुई कि आगे–आगे चलने वाले के साथ, ठीक जो मलाकी ने कहा। अब यह मलाकी तीन है, ना कि चार।

212 यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला मलाकी तीन है, यीशु ने ऐसा ही कहा। जब उन्होंने उससे पूछा, "फिर शास्त्री क्यों कहते हैं… "

कहा, "वह तो आ चूका। जो उन्होंने कहा वही किया।"

213 परंतु, स्मरण रहे, मलाकी चार, मलाकी चार के भविष्यवक्ता के तुरंत बाद, यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले का चौथा आगमन या… एलिय्याह का, पांचवा आगमन प्रकाशितवाक्य दो, गवाहों जब वह बचे हुए यहूदियों के लिए आता है। परन्तु परमेश्वर ने इस आत्मा पांच बार प्रयोग किया: अनुग्रह, J–e–s–u–s (जीसस) हर समय यह यीशु (जीसस) था, F–a–i–t–h (फेथ), G–r–a–c–e (ग्रेस) और आदि–आदि। आप समझे? पांच अनुग्रह का अंक है और उसने इसका प्रयोग किया। तीन में प्रयोग नही करेगा, दो में नही, तीन में, चार में नही करेगा, यह पांच बार उसका प्रयोग करता है।

214 अब जरा जल्दी ध्यान दें जैसा कि हम बंद करने जा रहे हैं। उसने कहा, "ये वही है जिसके विषय में कहा गया है, 'मैं अपने दूत को अपने आगे आगे भेजता हूं।'"

215 परंतु मलाकी चार में *उस* नबी के भविष्यवाणी करने के तुरंत बाद सारी पृथ्वी का जलाया जाना है, और धर्मी दुष्टों की राख पर चलेंगे। देखा? बिल्कुल ठीक! देखिए, यह मलाकी चार की भविष्यवाणी है।

216 और ध्यान दें लुका 17, जहां उसने कहा, "अंत के दिनों में यह फिर से सदोम और अमोरा के समान आयेंगे।" क्या हमारे पास है? हमारे पास सदोम और अमोरा फिर से है? समस्त राष्ट्र इसे देखिए। देखिए, इसने अभी इंग्लैंड के लिए क्या कहां है, सारी चीजें दूषित हो गई है। यहां तक की भोजन दूषित हो गया है। देखिए विज्ञान ने क्या कहा… *रीडर डाइजेस्ट* में देखें, मेरा विश्वास है, पिछले सप्ताह, उन्होंने कहा, "बीस से पच्चीस वर्ष की आयु में लड़के और लड़कियां अधेड़ आयू में से निकल रहे हैं।" सभाओ में उन से मिले छोटी लड़कियां रजोनिवृत्ति में, और बीस, बावीस वर्ष की आयु में, रजोनिवृत्ति में। यह कहां ठहराया गया? दूषित, मिलावट। यही

जो भ्रष्ट हुआ, शरीर को पूरा–पूरा दूषित कर दिया, हम कुछ नही केवल मिलावटी पेड़ के समान... एक दोगला है।

217 आप एक मिलावटी पौधा लेकर वहां रख दे, हर किटाणु इसकी ओर दौड़ेगा। परंतु वास्तविक, मूल पौधा, किटाणु इससे दूर भागेगा वह इस नही टिक सकता। और यही मामला कलीसिया के साथ है, हमने इसे मिलावटी बना दिया।

218 यही बात पेरी ग्रीन के पुराने घोड़े के साथ है वहां पर, और उस दिन उसने लड़के को गिरा दिया वह कुछ नही केवल चौथाई घोड़ा है। समझे? केवल यही बात है, यह खच्चर के समान है... एक खच्चर नही जानता कि उसका पिता या मां कौन है, वह कुछ नही जानता; वह आधा खच्चर और आधा घोड़ा है, आधा *यह* और गधा; वह नही जानता कि वह क्या है। आप कभी नही सकेंगे... वह सारे जीवन प्रतीक्षा करेगा कि आप पर लात चलाये। यह ठीक बात है! आप उसे कह सकते हैं, कहते हैं, लड़के यहां आओ यहां आओ लड़के, वह अपने कान सीधे खड़े करेगा, और “हव! हव! हव!” समझे?

219 जैसे इन में से कुछ कह रहे हैं, “आश्चर्य कर्मों के दिन बीत गए, हव! हव! हव!” ये सारे आधे, वंश कलीसिया के सदस्य है और मसीही। मैं चुटकुले के लिए नही कह रहा हूं, परंतु यह सत्य है। परंतु एक वास्तविक वंश का, भाई, वह जानता है कि उसका पिता कौन था, उसकी मां कौन थी उसके दादा, और दादी कौन थे आप उसे कुछ सिखा सकते हैं, वह सज्ञन है।

220 और एक वास्तविक मसीही जो पवित्र आत्मा से जन्मा परमेश्वर के सामर्थ और वचन से भरा हुआ, वह जानता है उसका पिता कौन है, उसकी माता कौन है, उसका दादा और दादी कौन थे, वह इस सब के विषय में जानता है। आप उसे कुछ सिखा सकते हैं।

221 परंतु एक आधे वंश क्या यही जो कलीसियाओ में आते हैं। संसार और धर्म संस्था के बीच में मिलावटी, इसमें *यहां* थोड़ा वचन मिलाते हैं, थोड़ा वचन *यहां*, धोखा देने के लिए काफी है। यह ठीक बात है। जब आप परमेश्वर के मूल वचन को प्रगट होते हुए देखते हैं, जैसे कैफा और उन्होंने किया वे इससे अलग हो गए, वे नही जानते। मिलावटी!

222 अब हम इस संदेश में पाते हैं, यशायाह 40:3 भी यूहन्ना को प्रमाणित करता है। उसने कहा, “एक शब्द, एक भविष्यवक्ता, जंगल में पुकार रहा है, ‘प्रभु का मार्ग तैयार करो उसके मार्ग को सीधा करो।’” कलीसिया ने उसका विश्वास नही किया क्योंकि वह उनके झुंड का नही था वह भविष्यवक्ता जंगल से उठा, आया जो किसी को नही जानता था। उसके ऊपर वही आत्मा था जो एलिय्याह पर था: वह जंगल का मनुष्य था, उसे आचरणहीन स्त्रियों से घृणा थी।

223 स्मरण रखें एलिय्याह कैसे... किस कारण से उसका सिर काट लिया गया? इजाबेल थी। इजाबेल उसकी मृत्यु का कारण थी। उसने उसे जंगल में भगा दिया।

224 यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला, दूसरा जंगल प्रेमी, एक शिकारी एक जंगल का मनुष्य उस पर ध्यान दें। उसके पास कोई शिक्षा ना थी। ध्यान दें उसका—उसका विषय धर्म विज्ञानियों के समान नही था। उसने कहा, “ओह तुम करैतो के वंश!” सबसे बेकार चीज जो जंगल में आप पा सकते हैं, गुप्त पना, वह सांप था। और उसने उन याजको को कहा, “तुम करैत के वंश! तुम्हें किसने चेताया कि आने वाले क्रोध से भागो? यह मत कहो, ‘हम *इससे* उससे है, हमारे पास *यह, वह* है,’ क्योंकि मैं तुम से कहता हूं, परमेश्वर योग्य है कि इन पत्थरों से,” जंगल को। यह भी, “कुल्हाड़ी” (जो उसने प्रयोग की) “पेड़ की जड़ पर रखा है; हर पेड़ जो अच्छा फल नही लाता काटा और आग में फेंका जाता है।” आमीन।

225 वह प्रकृति का प्रचारक था, परमेश्वर का एक महान पुरुष, थोड़े समय रहा परंतु निश्चय ही सारी पृथ्वी को धधका दिया। उसने अपनी छ: महीने की सेवकाई में उस पीढ़ी को हिला दिया। परमेश्वर ने उसकी 30 वर्ष पालन पोषण किया कि उसमें से छ: महीने ले। परंतु परमेश्वर अपनी ही विधि से करता है, वह जानता है उसका कतई का समय क्या है।

226 और हम यहां पाते हैं कि बिल्कुल यही घटित हुआ है। उन्होंने उसका विश्वास नही किया, क्योंकि वह उनमें का नही था, उन्होंने नही किया, जैसा था उन्होंने वैसा ही किया, उन्होंने यह नही देखा। उन्होंने परमेश्वर के वचन मलाकी तीन का विश्वास नही किया था, तो फिर वे स्पष्ट देख लेते अक्षरों के द्वारा कि यही वह आगे आगे चलने वाला था। उनके पास पिछले चार सौ वर्षों से कोई भविष्यवक्ता नही था और यहां अचानक से एक

दृश्य में आ खड़ा हुआ। समझे? और लोग, विश्वासियों ने, वही होने का विश्वास किया। देखो, उन्होंने इसका विश्वास नही किया। उन्होंने विश्वास नही किया, क्योंकि जब उन्होंने देखा कि शब्द पूरी रीती से पुष्ट हो गया, जो उसने कहा वह वही करेगा, और सारी बातें और स्पष्ट प्रमाणित होते हुए देखा जब वचन सीधा जल में भविष्यवक्ता के पास आया। वहां वे खड़े थे।

227 वहां उनमें वचन के लिए यूहन्ना के विषय में बहुत से विवाद थे। देखिए, यूहन्ना ने कहा, "मुझे तुझसे बपतिस्मा लेने कि आवश्यकता है, और तू क्यों मेरे पास आया है?"

228 यीशु ने कहा, "अब ऐसा ही होने दे, क्योंकि इसी प्रकार... परंतु क्योंकि इसी प्रकार से हमें में होना है, हमारे लिए उचित है (हो रहा है) ताकि हम ये सब पूरा करें। यूहन्ना, तू नबी होने के नाते तू जानता है, बलिदान को धोया जाना अवश्य है, इसके पहले कि उसे उपस्थित किया जाये। और मैं वह बलिदान हूं, और तू एक भविष्यवक्ता है, और जानता है।" तब उसने उसे बपतिस्मा दिया। समझे? और वह जान गया कि यही था।

229 देखिए, वह उस पर हंसे उसे "जंगली, चिल्लाने वाला, अशिक्षित धर्मान्ध," कहा जैसा कि होता है, वह भविष्यवक्ता उस यीशु के पहले आगमन के आगे आगे चलने वाला था।

230 मत कहिए कि वे... क्या आज वहीं नकल नही है उस असली की, वे करते हैं, वे पूर्णता करते हैं, परंतु स्मरण रखें जब आप नकली डॉलर देखते हैं तो कोई असली डॉलर होना चाहिये जिससे वह बना है। जब आप किसी को मसीह होने की नकल करते देखते हैं तो कहीं सच्चा मसीही है; क्योंकि यदि यह ना होता, तो *वह* सच्चा होगा। आपको सच्चा लेना ही है। परंतु पहले वाले को परखे और देखें। यदि वास्तविक ठीक उस प्रतिज्ञा के साथ है यदि यह है, तब विश्वास करें: उस युग की प्रतिज्ञा।

231 तब यूहन्ना की भविष्यवाणी परमेश्वर के क्रम में प्रमाणित थी। वचन भविष्यवक्ता के पास आया, और उसका एक सच्चे व्यक्ति के समान समर्थन किया।

232 यीशु फिर से भीतर आया... उनकी उस भविष्यवाणी कि समझ से अलग। वे इसे उस प्रकार नही समझ सके (अब, हम अंत की ओर जा रहे हैं।) परंतु भविष्यवक्ता के वचन के अनुसार, यह अक्षर–अक्षर पूरा हुआ। भविष्यवाणी पूरी हो गई; परंतु जिस प्रकार से उन्होंने सोचा कि यह होगा,

वह उस प्रकार से नही नही था। अब, वे कैसे इसे समझ सकते थे, और जान पाते कि क्या सही और या क्या गलत है? ये देखते यदि यह परमेश्वर द्वारा प्रमाणित हुआ यदि यह परमेश्वर था, जो अनुवाद कर रहा था जो उसने कहा। वहां झूठे यीशु उठ खड़े हुए थे, और लोगों के झुंड की... अगुवाई कर के ले गए, चार सौ को, जंगल में और आदि–आदि, परंतु उसने स्वयं को कभी भी वचन से सिद्ध नही किया आप देखिए, जैसा उसने कहा।

233 यीशु, जब वह आया, उसे भविष्यवक्ता होना था। यह ठीक बात है! और आज इसके पहले फिर आए यीशु मसीह व्यक्ति का पूरा प्रगटीकरण शरीर में होना था। इस पर सोचिए! यीशु ने कहा, "जैसा सादोम के दिनों में था, ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा, जब मनुष्य का पुत्र प्रगट हो रहा होगा।" *प्रगट* हुआ क्या है? खोलना, जान लेना। भेद को प्रगट कर दिया। मनुष्य के पुत्र के दिनों में प्रगट होगा, संसार सादोम की दशा में होगा। हमें यह मिल गया क्या हमें नही मिला? जी हां! कितने यह विश्वास करते हैं? यह सादोम की दशा में है। यह बिल्कुल ठीक बात है! अब देखिए यह कहां पर बैठाता है।

234 स्मरण रखें, लोगों के इकट्ठे होने वाले झुंड में तीन प्रकार के लोग होते हैं, यह बनावटी विश्वासी, अविश्वासी और विश्वासी, यह हमारे हर झुंड में होते हैं, उनमें यह सदा से रहे है। वहां सदोमी थे, वहां—वहां लूत वाले थे, और वहां अब्राहम था।

235 अब्राहम बुलाया हुआ झुंड था, वह आरम्भ से ही सादोम में नही था। अब उनके संदेशवाहको पर ध्यान दें! वे प्रतिज्ञा के पुत्र की राह देख रहे थे, वर्षों से राह देख रहे थे। परमेश्वर ने अब्राहम को बहुत सारे चिन्ह और आश्चर्यकर्म दिखाये, परंतु यहां परमेश्वर स्वयं एक मनुष्य के समान नीचे उतर आया!

236 आप कहते हैं, "वह एक दूत था।"

237 अब्राहम ने उसे, "प्रभु" कह कर पुकारा बड़ा अक्षर L–o–r–d (लार्ड)। कोई भी बाईबल को पढ़ने वाला जानता है कि बड़े अक्षर का L–o–r–d (लार्ड) ऐलोहिम है। "आदि में परमेश्वर ने," प्रभु परमेश्वर, ऐलोहिम, वह सर्व सामर्थी। अब्राहम ने उसे "प्रभु परमेश्वर ऐलोहिम" कह कर पुकारा।

238 अब ध्यान दें वहां दो लोग नीचे सादोम में एक संदेश लेकर गए, और उन्होंने सदोमियो को प्रचार किया। उन्होंने ने कुछ नही किया, परंतु उन्हें अंधा कर दिया; जो कि, सुसमाचार का प्रचार करना और अविश्वासी को अंधा कर देता है।

239 परंतु ध्यान दें, अब्राहम के झुंड को किस प्रकार का चिन्ह मिला!

240 अब, हमें अब्राहम का राजसी वंश होना चाहिये, इसहाक शारिरिक वंश था, परंतु विश्वास का वंश, विश्वास प्रतिज्ञा का वचन, *प्रतिज्ञा* किया हुआ वचन ही राजसी वंश था (इसमें चुके नही) वही वंश था, अब्राहम का विश्वास। "हमारा मसीह में मरने से, हम अब्राहम का वंश है, प्रतिज्ञा के अनुसार उसके संगी वारिस।"

241 ध्यान दें, जब यह सब घटित हो रहा था, तो नीचे वहां सादोम में दो सेवक महान संदेश के द्वारा सेवकाई कर रहे थे।

242 एक यहाँ अब्राहम के झुंड के संग बैठा था, वे वहां उस नीचे वाले झुण्ड के साथ मूर्ख नही बने, अब उस पर ध्यान दें जो अब्राहम के झुंड के साथ था उसने उन्हें किस प्रकार का चिन्ह दिया। उसने कहा... अब, स्मरण रखें कुछ दिनों पहले उसका नाम अब्राम था; और S–a–r–r–a सारा, ना की S–a–r–a–h सारह (राजकुमारी) और यह व्यक्ति, जिसकी पीठ तम्बू की ओर थी...

243 तब की स्त्रियां अब से भिन्न प्रकार की थी। ये जाती है और अपने पति के कार्य में होती है और बहुत कुछ आप जानते हैं। परंतु तब वे यह नही करती थी; वे पीछे रहा करती थी।

244 इसलिए वे... इसलिए वे दूत वहां बैठे थे। संदेशवाहक, और उसने कहा, "अब्राहम मेरी पत्नी S–a–r–a–h साराह कहां है? " वह ये कैसे जानता था? उसे कैसे मालूम यह हुआ?

245 अब्राहम ने कहा, "वह आपके पीछे तंबू में है।"

246 उसने कहा, "मैंने जो प्रतिज्ञा की है, उसके अनुसार मैं तुझ से समय पर मिलने वाला हूं। मैं तुझसे मिलने जा रहा हूं।" और साराह अपने में एक प्रकार से हंसी।

247 उसकी पीठ तंबू की और थी, और उसने कहा, "यह कहते हुए साराह क्यों हंसी, 'कि यह बातें कैसे संभव है? '" यदि वह अब्राहम की पत्नी ना

होती, उस समय तो परमेश्वर ने उसे मार डाला होता, ऐसा ही हमारे साथ होता हमारे अविश्वास के साथ, यदि हम मसीह में ना होते तो। यह हमें वही थाम लेता है, देखिए। वह हानी ना कर सका अब्राहम को बिना चोट पहुंचाए साराह को नही ले सकता। समझे?

248 और इसलिए स्मरण रखें, यीशु ने कहा, “जैसा कि यह सादोम के दिनों में था ऐसा ही यह मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।” हम देखते हैं कि हर कोई सहमत है कि संसार सादोम की दशा में है, यहां अधिक समय नही हुआ। मैंने लॉस एन्जलस का अखबार उठाया और कहा, मै सोचता हूं, “यह समलैंगिक लॉस एन्जलस में बीस या तीस प्रतिशत बढ़ गई है। हर वर्ष इतना बढ़ रहा है।” ये... यह भयानक है! हमारी सरकार और हर जगह हर चीज दूषित हो रही है। यह ठीक बात है, सब कुछ तारा तंत्र, कलीसिया, और हर चीज दूषित हो गई है, यह मिलावटी युग में है।

249 अब मैं आप धर्मविज्ञानियों से कुछ पूछना चाहता हूं मेरे भाइयों मैं आपके विरोध में नही बोल रहा हूं, मेरे प्रिय भाइयों; मैं यहां आपकी सहायता के लिए हूं, भाई। मैं यहां उस पक्ष पर खड़ा हूं, जो परमेश्वर का वचन कहता है जैसे कि मैं आपका हाथ पकड़ कर और लोगों की इस भीड़ को इस मामले से बाहर लाता हूं। यह ठीक बात है!

250 परंतु यहां देखिए इसके पहले हमारे पास कभी भी कोई सन्देश वाहक अब तक सादोम में नही हुआ कि जिसका नाम H–a–m हाम से समाप्त हो, हमारे पास स्पर्जन, एक वैसली, एक लूथर और सब कुछ थे पर कभी भी अंतर्राष्ट्रीय संदेशवाहक जिसका नाम इसके पहले H–a–m हाम से समाप्त हो, कभी नही हुआ, यह ठीक बात है! देखिए, G–r–a–h–a–m ग्राहम छ: अक्षर, G–r–a–h–a–m, बिली ग्राहम; यह विशेष प्रचारक परमेश्वर का महान कार्य, परमेश्वर कि ओर से भेजा गया मनुष्य उसका न्यायोचित इतना अनुकूल है, वह इससे राष्ट्र को हिला देता है, इस प्रकार से। वहां ऐसा नही है...

251 ओरल रॉबर्ट को देखिए, पेंटीकोस्टल नामधारी। उसके समान कब कभी कौन हुआ?

252 छ: अक्षर ना कि सात। अब्राहम में A–b–r–a–h–a–m अब्राहम सात है। बिली ग्राहम G–r–a–h–a–m छ: है।

253 अब संदेशवाहकों को देखिए। जिस समय में हम रह रहे हैं उसे देखिए इतिहास में ऐसा कभी नही हुआ था। उन्ही एक से चिन्हों को देखिए जिनकी प्रतिज्ञा दी गई जो प्रत्येक झुंड को दिया जायेगा। देखिए वे कहां पर है। ठीक, वैसे ही, यथा स्थान पर, ठीक क्रम में। प्रकृति, संसार, हर चीज, ठीक अपने समय पर तय है।

254 अब इसमें चुके नही, जबकी हम बाकी इस पवित्रशास्त्र का खाका तैयार करते हैं! जल्दी से, क्योंकि मैं आपको बहुत देर से रोके हूं... इधर देखिए। और भविष्यवक्ता के अनुसार, वह ठीक वचन के अनुसार आया, बिल्कुल ठीक समय पर।

255 अब इस युग को देखिए, जिसमें हम रह रहे हैं। क्या हम ठीक उस सादोम के समय में नही जी रहे हैं? अब्राहम के झुंड संदेशवाहक पर ध्यान दें, नंबर पर। ध्यान दें, अक्षरों पर और उसके नाम के अंकों पर। आप कहते हैं, "नाम में कुछ नही है।" आपसे यह कोई ना कहे। उसने क्यों अब्राम का नाम बदला अब्राहम किया, सारा से साराहा? उसने क्यों शमौन को पतरस में बदला, और दूसरे सारे? समझे? निश्चय ही है। बिल्कुल ठीक!

256 यही कारण है मैं कहता हूं कभी भी अपने बालक को "रिक्की" ना पुकारे या "एल्विस" या कुछ। *एल्विस* का अर्थ "बिल्ली," *रिक्की* का "चूहा।" देखा, जब आप कहते हैं... यह बिल्कुल ठीक है। "लेस" या ऐसे ही कुछ, जब तक कुछ ना हो अपने बालक को यह ना पुकारे। यदि है तो लोगों जल्दी बदल दे। आप ना... यदि आप मुझ पर परमेश्वर का दास होने का विश्वास करते हैं, उस बेचारे बालक को ना दे। समझे? नही, श्रीमान, इससे अलग उसे कोई और नाम दे दे। ओह! मुझे मुझे इससे अलग नही होना चाहिये क्योंकि मैं अपने विषय से अलग हूं, परंतु मैंने यह कहा है और यह हो गया। मैं... ऐसे ही आप यह करते हैं जब आप यह कहते हैं तो आप नही जानते। समझे?

257 उसे कहा, "बाहरी, एक भविष्य बताने वाला, एक शैतान, एक बालजबूल," और कहा, "वह स्वयं को परमेश्वर बनाता है।" ओह!

258 क्या यशायाह भविष्यवक्ता ने नही कहा, "वह सामर्थी परमेश्वर कहलायेगा"? यशायाह 9:6, "हमारे लिए एक बालक उत्पन्न ना हुआ, एक पुत्र दिया गया, और प्रभुता उसके कंधों पर होगी, उसका नाम अद्भुत व्यक्त करने वाला कहलायेगा, शांति का राजकुमार, और सामर्थी परमेश्वर,

सदाकाल का पिता।" यह ठीक बात है! यूहन्ना 1:1 में भी, "आदि में वचन था, वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था। और वचन देहधारी हुआ, और हमारे मध्य में डेरा किया।" आप यह विश्वास करते हैं? ऐसे ही नही था वह... वह एक भविष्यवक्ता था, परंतु वह एक भविष्यवक्ता से अधिक था; वह परमेश्वर–भविष्यवक्ता था। उसे क्यों आना था?

259 स्मरण रखें, वह तीन पुत्रों के नाम में आया। पहले वह मनुष्य के पुत्र नाम में आया। उसने स्वयं को "परमेश्वर का पुत्र" कभी नही कहा। आप यह जानते हैं। देखिए, वह मनुष्य के पुत्र मैं आया, एक भविष्यवक्ता, स्वयं यहोवा, पिता यर्मयाह को "मनुष्य का पुत्र कहा"; भविष्यवक्ता मनुष्य का पुत्र होता है। वह आया...

260 अब वह पेन्टीकोस्ट के दिन के बाद आया, वह पवित्र आत्मा के रूप में आया, आलौकिक आत्मा। अब वह परमेश्वर का पुत्र है।

261 सहस्त्रशताब्दी में वह दाऊद का पुत्र होगा, दाऊद के सिहासन पर बैठा हुआ है। देखिए, वह आया... वह परमेश्वर का पुत्र, मनुष्य का पुत्र, दाऊद का पुत्र।

262 ओह, बाईबल इन सोने की डालियों से भरा हुआ है। हम इन सब को एक ही रात में नही पा सकते। परंतु यह इस समय के लिए उपयुक्त बैठता है। कल संभव है कभी भोर ना हो। हम कल से पहले जा सकते हैं। मैं ऐसे व्यक्ति को प्रचार कर सकता हूं जो सुबह से पहले मर जाये। मैं भोर होने से पहले जा सकता हूं। भाईयों, बहनों, यह कल्पना नही, यह वास्तविक सत्य है! हम नही जानते किस समय हम जा रहे हैं, और आपके पास इसके पहले आपकी सास आपके शरीर को छोड़ें अवसर ना हो। इसे ठीक कर ले, सुबह की प्रतीक्षा ना करें, संभव है देर हो जाये।

263 अब ध्यान दें उन्होंने उसके साथ ठीक वही किया जो भविष्यवक्ता ने कहा कि वे करेंगे ठीक वैसे जैसे वे इस दिन लोदिकियन युग में कर रहे हैं यदि आप देखना चाहते हैं तो प्रकाशितवाक्य तीन पढ़े, "अंधे, नंगे और यह नही जानते, मसीह का इन्कार... " जब वह स्वयं को बीज के रूप में फिर से प्रगट करना आरंभ करेगा वही जो भूमि में गया था वापस दुल्हन होने को आयेगा; दुल्हन और दूल्हा, वही मांस और लहू, वही सेवकाई, वही बात, ठीक बात ठीक वही कर रहा है जो कर चुका, वह आत्मा

264 और यहां वे नकल मार रहे हैं और सब कुछ कर रहे हैं, और प्रत्येक के पास अपनी पुस्तक है और दौड़ रहा है और *यह*। ओह, अपने ऐसी अनुभूति कभी नही सुनी होगी! और... [भाई ब्रन्हम अपनी नाक से सांस भरते हैं—सम्पा।] "अब मुझे शैतान की गंध आती है।" *यह, वह* सब, बस जितना हो सकता है वचन से अलग!

265 और वास्तविक चीज ठीक उनके सामने है, वे छोड़ कर चले गए, "वे मेरी संस्था से नही है।" अरे, ओ, जरा देखो अंधा अंधे को मार्ग दिखा रहा है। क्या वे सब गड्ढे में ना गिरेंगे? मनुष्यो के नामधारी रीति रिवाजों से अंधे, जैसा परमेश्वर ने कहां उसे अपनी कलीसिया से बाहर कर दिया वे यह करेंगे, प्रकाशितवाक्य 3 में; जैसा होता है, जैसी भविष्यवाणी हुई।

266 अब ध्यान दें कैसे यीशु ने... स्वयं को चेलो पर प्रगट किया, अब, और हम बन्द करेगे। यह दो चेले कैफा... बल्की क्लियोपास और उसका मित्र। अब हम पुनरुत्थान की प्रात: में है, पुनरुत्थान के पश्चात, पहला पुनरुत्थान; क्या ही सुंदर सवेरा, यीशु मरे हुओ में से जी उठा और अपने लोगों के मध्य में है। क्या ही सुंदर विचार है!

267 वह आज यहां वैसे ही है जैसा वह उस दिन था, क्योंकि वह कल, आज, और सर्वदा एक सा है... और स्वयं को आज अधिकाई से प्रगट कर रहा है; बजाये किसी और युग के उस दिन से; उस गेहूं और फुन्दनी और छिलके से होते हुए आया (अब सब बीत गया) हम फिर से गेहूं में है। देखिए, हम वापस दाने में है।

268 ऐसे जाना जाता है... जाना गया... ध्यान दें कैसे स्वयं को उन लोगों पर प्रकट किया, अब स्मरण रखें, उनके मसीहा के समान (बंद करने से पहले) जिस वचन की उस युग में प्रतिज्ञा हुई थी। ध्यान दें! वह प्रगट हुआ... जैसा कि उसने कहा था कि वह करेगा भविष्यवक्ताओं पर ध्यान दें, "निर्बुद्धियो, और विश्वास करने में मंदमतियो की सारे भविष्यवक्ताओं ने उसके विषय में लिखा है वह पूरा होना ही था।"

269 उस पर ध्यान दें! वह वापस परमेश्वर के वचन का उल्लेख करता है, उसने कभी भी सीधे सीधे आ कर उन से नही कहा, "क्या तुम मुझे नही जानते? मैं मसीहा हूं, जो जी उठा है।" उसने ऐसा कभी नही कहा। देखिये, उसने उन्हें केवल वचन दिया, जैसा यूहन्ना ने किया और बाकियो

ने। समझे? उन्हें ये... स्वयं ही निकालना था, उन्हें स्वयं ही को जानना था। अब, सोने मत जाओ स्वयं को जांचो।

270 "निर्बुद्धियो और विश्वास करने में मन्दमतियो भविष्यवक्ताओं ने जो कहा वह तो घटित होना ही था।" उनके लिए क्या ही झीड़की है, जो दावा करते थे कि वे उसे जानते हैं। समझे?

271 ध्यान दें कि वह विषय पर कैसे पहुंचा। जैसा मैंने कुछ मिनटों पहले कहां उसने सीधा–सीधा नही कहा, और कहा, "क्या तुम नही जानते इस युग में, मैं तुम्हारा मसीहा हूं? क्या तुम नही जानते कि मैं वही हूं?" परमेश्वर का सच्चा दास सभी स्वयं को इस प्रकार प्रमाणित नही करता; वचन प्रमाणित करता है कि वह कौन है। निश्चय ही, वह करेगा। परंतु उनका ध्यान आकर्षित करता है कि भविष्यवक्ता ने मसीह के युग के लिए क्या कहा है। इसे देखें? ठीक वापस जाये; "निर्बुद्धियो और समझने में मंदमतियो, भविष्यवक्ताओं का विश्वास ना करने में, जो उसने मसीह के विषय में कहा कि घटित होना चाहिये।"

272 वह, जैसे यूहन्ना, बाईबल का वचन उसे प्रमाणित करें वह उनके लिये क्या है। यह स्पष्ट होना चाहिये। यदि वचन ने उसे प्रमाणित कर दिया है, वह स्पष्ट होना चाहिये, किसकी प्रतिज्ञा की गयी है कि वे उसे देखें। वे जान गए वह था... किसी को उस समय दृश्य पर आना चाहिये।

273 क्यों, उसने कहा, "अब मैं आपको दिखाऊं कि वचन क्या कहता है कि आज के दिन में क्या घटित होना चाहिये।"

274 मैं नही, आज रात्रि, मैं आपको वचन पर वचन करके बताने का यत्न कर रहा हूं (यहां तक की स्थिति, स्थान, नामों, अंको, हर चीज और सारे चिन्ह समय और हर चीज) कि हम बिल्कुल ठीक अंत समय में है? निश्चय ही आप देख सकते हैं कि मैं किस विषय में बात कर रहा हूं देखा? समझे यह इतना स्पष्ट है और अधिक प्रमाण कि आवश्यकता नही है। उसने कहा, जब वह यहां पृथ्वी पर था, "पवित्र वचनों में ढूंढो, उसमें तुम समझते हो, तुम्हें अनंत जीवन मिलता है, वे वह है... वह मेरी गवाही देते हैं कि मैं क्या हूं," देखिए, "मैं कौन हूं।"

275 ध्यान दें, वह मूसा के साथ आराम्भ करता है भविष्यवक्ता एक भविष्यवक्ता, व्यवस्थाविवरण 18:15। मैं यहां वचनों को देख रहा हूं। व्यवस्थाविवरण 18:15, मूसा ने नही कहा, "तुम्हारा प्रभु परमेश्वर... "

276 देखिए, परमेश्वर उससे पर्वत की चोटी पर बोला और ओह प्रभु गर्जने; उन्होंने कहा, "प्रभु करें... मूसा ही बोले ना कि परमेश्वर कही हम नाश ना हो जाये।"

277 उसने कहा, "उन्होंने ठीक ही कहा। मैं करूंगा... अब मैं उनसे और बातें ना करूंगा, इस प्रकार से, परंतु मैं उनके लिए एक भविष्यवक्ता उठा खड़ा करूंगा।" और इस सारे दौर में यही उसका संदेश रहा। यही सारा मामला अंत में तय होना है। यह होना ही है, क्योंकि प्रभु का वचन भविष्यवक्ता के पास ही आना है। केवल यही चीज है जो आ सकती है। यदि यह नही होता है, तो यह परमेश्वर के वचन को तोड़ता है, और उसे यह बना देता है कि उसने कुछ गलत बताया। समझे? यह कभी भी धर्म विद्यालय को नही जायेगा। यह भविष्यवक्ता के पास आता है। और भविष्यवक्ता परमेश्वर के पास से अभिषिक हो कर भेजा जाता है। और आप कैसे जान पाते हैं कि यह है, और ना कि जो मनुष्य ने कहा...

278 हमारे पास एलिय्याह था, और ओढने और इतनी, और बहुत कुछ और वस्त्र, सब प्रकार की निर्थक बातें, जो सब संस्थावाद में चली गई सारी चीजों के साथ।

279 परंतु यहां पृथ्वी पर आयेगा, परमेश्वर की प्रतिज्ञा के द्वारा परमेश्वर का एक वास्तविक दास परमेश्वर के द्वारा प्रमाणित (उसके वचन के द्वारा इस युग का उत्तर), जो दुल्हन को यथा क्रम में रखेगा (एक वास्तविक कलीसिया के अल्पसंख्यक, और इसे ऊपर ले जायेगा। यह ठीक बात है! वह परिचय करायेगा, "देखो, एक जिसके विषय में मैंने बातें की, देखो, वह आयेगा।"

280 और वह सब जो भविष्यवक्ताओं ने उसके विषय में कहा और इस युग के लिए, क्यों निश्चय ही वह इसको सुनने के लिए रुचीकर होगा क्या आप उसको यह कहते हुए सुनना पसंद नही करेंगे? "सारे भविष्यवक्ताओं ने इस विषय कहा... " स्मरण रखें, उसने कहा जो भी भविष्यवक्ता अपने विषय में कहेगा, स्वयं अपना उल्लेख करें, जो उसने कहा था (और वह वचन था); भाव बताये।

281 अब हम वचनों को सुनें जिनका उसने उदाहरण दिया। क्या आप सुनना चाहेंगे कि उसने उनसे क्या कहा? हम उनकी बातचीत को जारी रखें इसके पहले कि हम रुके।

282 अब क्रूस चढ़ते समय जो घटित हुआ उसका सारांश दिया उस कथा का कब्र और कब्रगाह और स्त्रियों ने उसे देखा और दूसरे ने कहा उन्होंने उसे देखा और आदि-आदि। उसने कहा... उन्होंने—उन्होंने इसकी रूपरेखा दी। और इस विषय पर वह ठीक वचन पर आया... अपना उल्लेख वचन के द्वारा होते हुए दे रहा है।

"अब जकर्याह 12 में देखें।" (उसे जकर्याह 11:12 का उल्लेख करना चाहिये) "क्योंकि वह चांदी के 30 सिक्कों में बेचा गया, क्या मसीह को चांदी के तीस सिक्कों में नही बेचा जाना था? "

"भजन संहिता 41:9 में, उसे उसके मित्र के द्वारा धोखा दिया गया। देखा?

"जकर्याह 13:7, अपने शिष्यों द्वारा छोड़ दिया गया।

"भजन संहिता 35:11 में, झूठे गवाहों के द्वारा दोषी ठहराया गया।

"यशायाह 35:7 के द्वारा दोष लगाने वालों के सामने शांत रहा, कभी अपना मुंह नही खोला।" (ठीक है, श्रीमान)

"यशायाह 50:6, उसे कोड़े मारे गए।

भजन संहिता 22:22 क्रूस पर चिल्लाया, 'हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया? ' 'मेरी सारी हड्डियां वे मेरी ओर घूरते हैं।' 'उन्होंने मेरे हाथ और पैर छेद दिए।'" (भविष्यवाणियो को देखिए जिसके विषय में वह बात कर सकता था!)

"यशायाह 9:6 'हमारे लिए एक बालक उत्पन्न हुआ,' 'एक कुवांरी गर्भवती होगी,'" आदि-आदि।

"भजन संहिता 22:18 में भी, उन्होंने—उन्होंने—उन्होंने उसके कपड़े आपस में बांट लिये।

"यशायाह 7:14 में, 'कुवांरी गर्भवती होगी।'

"भजन संहिता 22:7 और 8, उसके शत्रुओ द्वारा उसका ठंडा किया गया जिन्हें मित्र होना चाहिये था; उसके शत्रु, कलीसिया।

"फिर से भजन संहिता 22 में... उसकी कोई भी हड्डी तोड़ी ना गई थी, परंतु उन्होंने उसके हाथ और पांव छेद दिए थे।

"यशायाह 53:12, अपराधियों के संग मारा गया।

“यशायाह 53:9 में, कुचला गया और धनी भाई के संग गाडा गया।

“भजन संहिता 16:10 में, वह मृतको में से जी ही उठा, दाऊद ने ऐसा कहा, ‘मैं अपने पवित्र जन को सड़ने ना दूंगा कि सड़ाहट को देखें ना ही उसका प्राण अधोलोक में छोड़ूंगा।’ वह मृतकों में से जी उठा था।

“मलाकी 3, यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला उसका आगे मार्ग सुधारने वाला था।”

283 और वह सारे प्रतीकों में से होकर निकला! यहां तक कि इसहाक पहाड़ पर उसी का ही प्रतीक था... उस पहाड़ पर जहां उसका पिता अब्राहम उसे ले गया, उत्पत्ति 22 में।

284 यह अब था, वह देखने लगे इन वचनों को किसने पूरा किया जिनकी प्रतिज्ञा उन दिनों के लिए थी। यह तब था उसके हो जाने के पश्चात वे इसे देखने लगे। “ओह! भई, जरा एक मिनट! आप जानते हैं क्या? ” तब वे जान पाये कि उनका क्रूस पर चढ़ाया हुआ मित्र, यीशु, वह भविष्यवक्ता था, जिसकी प्रतिज्ञा दी गई थी। वे जान गए क्योंकि... देखिए उन्हें पवित्र वचनों का सारांश नही दिया गया।

285 “परंतु, यहां वे सारी बातें जो क्रूस पर घटित होनी थी वे सारी बातें। निर्बुद्धियो, समझने में मंदमतियो, जो भविष्यवक्ताओं ने कहा; कि मसीह कैसे दुख उठायेगा, और अपनी महिमा में प्रवेश करेगा, और तीसरे दिन जी उठेगा।”

286 वे अब भी जाते, “ओह, हां। यह ठीक बात है। मैं कहता हूं वह... क्या हमारे हमारे ह्दय उत्तेजित नही हुए? ” उन्होंने कहा कोई आश्चर्य नही उनके ह्दय उत्तेजित नही हुए! वे भविष्यवाणियां जो वह बता रहा था पूरी हुई थी।

287 तब वे समझने लगे कि उनका मित्र, वह पुरुष जिसके साथ उन्होंने खाना खाया बातें की संग रहे, मछली पकड़ी, जंगल में सोये, उस वे सारे वचन उस घड़ी के पूरे हुए! और वहां ये था। वे छ: मील चले, यह बहुत थोड़ा सा समय लगा, मैं समझता हूं, भविष्यवाणीयो की प्रामाणिकता पर छ: घंटे का उपदेश चला (जो आज रात्रि हमारा है उससे थोड़ा अधिक, देखो) यह एक प्रकार से सांझ के समय देर हो रही है, सांझ का उजियाला आ गया था।

288 कलीसिया अब भी वैसा ही समय है! सांझ का उजियाला आ गया है! इब्रानियों 13:8, "वह कल, आज और सर्वदा एक सा है।" ओह, घटनाये भविष्यवाणी के द्वारा स्पष्ट हो रही है, वैसे ही आज है। सांझ के उजियाले की प्रतिज्ञा परमेश्वर के भविष्यवक्ता के द्वारा दी गई, जकर्याह 14:7, सच्चे विश्वासी की आंखें फिर से उन घटनाओं के लिए खोल सकता है जो आज हो रही है, यह भविष्यवाणी के द्वारा सिद्ध हो गया है कि हम अंत समय में है। यीशु आ रहा है।

289 वही... यह है...

290 उसने कहा, "एक ऐसा दिन होगा जो कि ना रात या दिन कहलायेगा।" उसने कहा, "परंतु सांझ के समय उजियाला होगा।" अब भौगोलिक रूप में हम जानते हैं कि सूर्य पूर्व में उदित होता और पश्चिम में अस्त होता है। अब, भविष्यवक्ता ने कहा, "एक लंबा समय होगा, निराशा निराशाजनक होगा, एक प्रकार से... जो कि ना रात या दिन कहलायेगा; यह एक प्रकार अंधियारा या धुंध वाला दिन होगा।"

291 अब, पुत्र कहां से उठा? क्या... वह S-o-n पुत्र था जिसके विषय में। अब हम बातें कर रहे हैं, वह स्वाभाविक S-o-n सूर्य पूर्व में उदय होता है और पश्चिम में अस्त होता है। बल्कि वही परमेश्वर... *सूर्य*। और परमेश्वर का पुत्र S-o-n पहले पूर्व में, उठा पूर्वी लोगों के लिए।

292 और अब उसके चले जाने के पश्चात, उन्होंने क्या किया? तीन सौ वर्षों के पश्चात, उन्होंने अपनी पहली संस्था आरंभ की रोमन कैथोलिक कलीसिया। वे अंधकार के युग में से निकले और वे बाहर आए। वे क्या करेंगे? वही बात यह एक दिन था... यह ना तो दिन या रात कहलाया जा रहा था। उसके पास पर्याप्त व्यवस्था थी, और उन्होंने इसका विश्वास किया, वह परमेश्वर का पुत्र था और वे उस उजियाले में चले, जो उनके पास था, उन्होंने अपनी कलीसियाये बनाई उन्होंने अस्पताल बनायें, और विद्यालय और आदि-आदि, और धर्म विद्यालय अपने बालकों को विद्यालय भेजा।

293 परंतु भविष्यवक्ता ने कहा, "यह लगभग सांझ के समय फिर उजियाला होगा, पुत्र फिर से दिखेगा यह उजियाला होगा।" क्या? वही पुत्र (S-o-n) जो प्रात: देह में प्रगट हुआ था, फिर सांझ के समय में प्रकट होगा।

294 अब लूका 17:30 की तुलना करें, "और उस दिन में जैसा सादोम के दिनो में था, संसार की व्यवस्था थी, उस समय में मनुष्य का पुत्र प्रगट हो रहा होगा।"

सांझ के समय उजियाला होगा,
निश्चय ही तुम महिमा का मार्ग पाओगे।

295 ओह, मेरे! लोगो हम लोग कहां पर हैं?

राष्ट्र टूट रहे हैं, इस्राएल जाग रहा है,
वे चिन्ह जो भविष्यवक्ता ने पहले से बताये;
अन्य जाति के दिन गिनती के हैं, उस हेंगे के साथ बाढ़ भार ग्रस्त; (उसका समुद्र में जाना ध्यान रखें!)
ओह पिछड़े हुओ वापस लौट आओ अपनों में।

छुटकारे का दिन समीप है,
मनुष्य के हृदय भय से रुक रहे हैं;
आत्मा से भर जाओ अपने चिरागों को छांट लो और साफ करो,
ऊपर देखो तुम्हारा छुटकारा समीप है। (अच्छा है कि तुम)

296 भाई, बहनों, यह डरावना समय है। जिन बातों की भविष्यवाणी हुई उस पर ध्यान दें, घटित होने वाली बातों पर ध्यान दें। सारी भविष्यवाणी को देखें जो पूरी हो रही है, तब हम देखते हैं यह सब किस विषय में है। यह झुण्ड नही है... धर्मान्ध का दौर, यह तो परमेश्वर अपने वचन की ठीक पुष्टि कर रहा है बिल्कुल ठीक। मित्रों, चट्टान पर प्रहार हुआ है, जितनी जल्दी हो सकता है उसकी और दौड़ो। भविष्यवाणी आज के दिन को प्रमाणित कर रही है जिसमें हम जी रहे हैं।

297 आइए हम अपने सिरों को झुकाये। [एक भाई अन्य भाषा में बोलता है। एक बहन उसका अनुवाद करती है। एक भाई मंच पर कहता है, "क्या हम एक क्षण के लिए रुक सकते हैं? परमेश्वर ने हमसे भाई ब्रन्हम के द्वारा बातें की है, और अभिषेक भाई ब्रन्हम के ऊपर है, और उन्होंने पूरा नही किया है। और... " टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

298 प्रिय परमेश्वर! मित्रो, क्या आप अनुभव करते है कि वह दिन जिसमें हम जीवित हैं? क्या आप परमेश्वर से विवाद कि हिम्मत करते हैं? क्या

आप यह कहेंगे कि, "वह ठीक नही है," जब की उसने इसे सिद्ध कर दिया है? वह स्वयं अपना अनुवाद करता है। क्या आप उसकी सेवा करना चाहते हैं?

अब अपने झुके हुए सिरो के साथ, और अपने झुके हुए ह्रदयो के साथ भाईयों, बहनों।

299 संभव है यह हमारी अंतिम सभा का समय हो। हो सकता है हम कभी नही... यदि मैं आज से एक वर्ष आगे जाऊंगा, यदि मैं जीता हूं, बहुत से जो आज यहां पर है तब ना होंगे। और मुझे आपसे न्याय के सिंहासन पर मिलना होगा, और हर बात के लिए उत्तर देना होगा जो मैंने आज रात्रि कहां है।

300 इसके पहले कि परमेश्वर, जबकि आप अपनी सही मनोस्थिति में है क्या आप परमेश्वर के लिए इतना करेंगे? यदि आप जानते हैं कि आप... बस परमेश्वर के दर्पण में स्वयं को देखें (बाईबल में) कोई मतलब नही, आप कौन हैं, और कहते हैं, "मैं जानती हूं कि परमेश्वर की पुत्री होने के लिए मुझ में कमी है, उसी मार्ग से देखे जो मैं करता हूं। परमेश्वर का पुत्र होने में मुझ में घटी है, उसी मार्ग से देखें जो मैं करता हूं। परंतु परमेश्वर मैं यहां नही होना चाहता, उस स्थान के लिए, मैं—मैं संघर्ष करना चाहता हूं।" मैं चाहता हूं कि आप अपना हाथ परमेश्वर की ओर उठाएं आप चाहे जो भी हो, इस भवन में आप जहां कहीं भी हो। "जी हां, मैं परमेश्वर का पुत्र होना चाहता हूं, मैं परमेश्वर की पुत्री होना चाहती हूं, जो भी मेरे प्रभु की आज्ञा है, मैं उसे पूरा करना चाहता हूं।" अब आप... परमेश्वर आपको आशीष दे। मैं समझता हूं भक्त मंडली के नब्बे प्रतिशत।

301 अब मेरे मित्रों इधर देखिए, क्या होता यदि आप यूहन्ना के प्रचार के दिनों में रह रहे होते? क्या होता यदि आप जब यीशु यहां था, तब रह रहे होते? आप किसकी ओर पक्ष में खड़े होते? यदि आप यीशु के में होते... स्मरण रखें, यदि वह... यदि आप पीछे के दिनों में होते, तो यह अब के ही समान होता, वही यीशु स्वयं को अपने वचन के द्वारा जाना गया, देखिए, और यह बहुत ही अलोकप्रिय है।

302 परंतु मैं आपको बता दूं, मैं लोगों को यह बताने का यत्न नही कर रहा हूं कि कलीसिया छोड़ दे या... ओह, मैं चाहता हूं कि आप कलीसिया में जाये, "आपस इकट्ठा होना ना छोड़े।" परंतु मैं जो बताने का यत्न कर रहा

हूं कि आप करें परमेश्वर के राज्य में प्रवेश का यत्न करें। इन बातों को ले, संसार, कलीसिया...

303 पेंटीकोस्टलो, आप लोग बहुत सांसारिक हो गए आप बहुत संसार के पीछे हैं। यह सरल है, कि टेलीविजन और सारी चीजें देखें, और जिस प्रकार वे कर रहे हैं और *ये* सारा, और पहली बात आप जानते हैं... धर्म विद्यालय, और विद्यालयों ने अब इधर–उधर समझौता करना आरम्भ कर दिया है, और *यह* और *वह* और *बहुत कुछ*... इसे इसी प्रकार से आना है। पेंटीकोस्टल कलीसिया मेरे बड़े समर्थन में रही है, मैं उनके विरोध में कुछ नही कह सकता। परंतु मैं जो चिल्लाता हूं, "मेरे भाइयों बाहर आ जाओ!" पुकार... आपकी सभाये वैसी नही जैसी हुआ करती थी। लोग वैसे नही जैसे हुआ करते थे। परंतु यीशु मसीह वैसा ही है आइए उसमें चलें।

304 अब आप जिनके हाथ ऊपर उठे हुए हैं, जंगल में भारी हुई एक चट्टान थी और वह सोता आज रात्रि भी बहता है। उनकी चट्टान मारी गई थी, मसीह, वह मारी हुई चट्टान है।

305 और आज रात्रि, जहां तक मैं जानता हूं, संभव है कलीसिया... की बुलाहट का समय पहले ही बीत गया, मैं नही जानता मैं यह नही कह सकता। स्मरण रखें, लोग यीशु के क्रूस पर चढ़ जाने के बाद, वैसे ही सभायें करते रहे, और सारे लोग वे आयेंगे... ध्यान दे! वे—वे प्रचार करते रहेंगे, और यह कहते हुए वे "बच रहे हैं" और आदि–आदि, जैसे कि यदि... "संसार चलता रहता है जैसे चल रहा था," वे कहते हैं। परंतु तब बहुत देर हो गई होगी

306 मेरे भाई, जब कि आपके पास अवसर है, जब कि आपके पास अवसर है, मेरी बहन; परमेश्वर के राज्य में आ जाये। आपको किसी और चीज की अधीनता में आने की आवश्यकता नही, केवल साधारण सा भरोसा उसके वचन पर विश्वास करना। वह वो वचन है! "प्रभु यीशु, मैं जानता हूं मैं स्वयं अपनी ओर परमेश्वर के वचन के दर्पण में देख रहा हूं; ओह, मैं मैं कितना छोटा हूं। परंतु, प्रिय परमेश्वर, यहां आज रात्रि, इस सोमवार की रात्रि, यहां सेन बरनारडिनो, कैलीफोनिया, यहां सब इस सभागार में, प्रभु मेरे पास यही सब कुछ है, परंतु मैं आपको दे दूंगा। प्रभु क्या मैं जैसा हूं, आप मुझे वैसा ही ले लेंगे? क्या मुझे आप जल्दी ही अपने क्रूस के समीप आने देंगे? मैं संदेशवाहको को देखता हूं। मैं समय देखता हूं, मैं सदोम से

बाहर आने की बुलाहट देखता हूं। मैं चिन्हों को देखता हूं। मैं अब्राहम के झुंड को ज्योति पाते हुए देखता हूं। मैं प्रगट होते हुए देखता हूं, कि यीशु फिर से हमारे मध्य में प्रगट हो रहा है जैसा वह था मैं उन सारी बातों को देखता हूं जिनकी प्रतिज्ञा आपने की है। मैं नकल करने वालों को देखता हूं; मैं देखता हूं कि आपने कहा, 'जैसा कि यह मूसा के दिनों में था,' कि कैसे यर्नेस और यम्ब्रेस नकल करने के लिए आयेंगे, और फिर भी उसी देर में पड़े रहेंगे जिसमें वे थे।"

307 देखिए, वे उस वचन के द्वारा मूसा का अनुकरण नही कर सके और उन बालकों को जंगल में नही ले जा सके, क्योंकि वे मिस्र से जुड़े थे। वे यह नही कर सके, यद्यपि उन्होंने वही कार्य किये जो उसने किए। परंतु उनकी मूर्खता प्रगट हो गई। और बाईबल कहती है, यह यहोवा यों कहता है, है, "यह अंत के दिनों में फिर से होगा।"

308 और आप इसे अपनी आंखों से देखते हैं यदि आप आत्मिक है। मैं हूं... मैं इसकी व्याख्या नही कर सकता। मेरे लिये आवश्यक नही कि मैं इसकी व्याख्या करूं, "मेरी भेड़ मेरा शब्द सुनती है।" आईये अब उसके पास चले, जबकी हमारे पास अवसर है। क्या आप चलेगे?

309 यदि आपको पवित्र आत्मा के बपतिस्मे की आवश्यकता है, यदि आपको पुन: समर्पित होने की आवश्यकता है, एक नया जीवन, आपका पास्टर आपको तुच्छ नही जानेगा, वह इसके लिये आप से प्रेम करेगा। आज रात्रि पूरी रीती से स्वयं को परमेश्वर को दे दे, जबकि हम यहां पर हैं। आओ... जी हां, मैं जानता हूं कि यह कठिन रहा है, छटाई, अनोखा, मैं यह छोटा दिखाने के लिए नही करता, मैं यह ईमानदारी से करता हूं। मैं यह इसलिए करता हूं क्योंकि मैं आपसे प्रेम करता हूं, मैं परमेश्वर से प्रेम करता हूं और यह आपकी सहायता के लिए यत्न करता हूं। और सच में, मित्र, मैं—मैं—मैं विश्वास करता हूं... और अपने सारे ह्रदय के साथ अपने सारे विश्वास के साथ, मैं विश्वास करता हूं, मेरा संदेश परमेश्वर से आता है। यह—यह वर्षों से आप लोगों पर सिद्ध हो रहा है।

310 अब सुनिए, आज रात्रि जो भी आपके पास है हर चीज जो है उसे समर्पित कर दे, हर चीज जिसकी आपको आवश्यकता है। मैं सच, समर्पित ह्रदय के साथ विश्वास करता हूं, यदि बस आप अपने पैरों पर खड़े हो जाये और अपने हाथों को परमेश्वर की ओर उठाए और कहे, "प्रिय परमेश्वर,

मैं यहां पर हूं, प्रभु। मुझे ले ले। अब मैं अपना मस्तिष्क और प्रयोग करने का यत्न नही करूंगा, और अपना अनुवाद। आपका वचन कहता है, 'मुझे पवित्र होना चाहिये, मुझे फिर नया जन्म लेना चाहिये, मुझे आत्मा से भर जाना चाहिये, और फिर आत्मा मुझे सारे सत्य में मेरी अगुवाई करेगा।' प्रिय परमेश्वर, मैं यहां पर हूं, मेरा मार्गदर्शन करें।" क्या आप इतना करेंगे? यदि आप इतना करते हैं तो अपना हाथ उठाये, कहे, "मैं यह करना चाहता हूं, मैं इच्छा कर रहा हूं।"

311 तो फिर आइए हम अपने पैरों पर खड़े हो जाये।

जैसा मैं हूं, बगैर एक बात,
परंतु तेरा लहू मेरे लिए बहाया गया,
और कि तूने आमंत्रित किया अपने पास आने को,
ओह परमेश्वर के मेमने, (परमेश्वर ही केवल द्वार है)...
मैं आता हूं! मैं...

अब अपना सारा कार्य ले ले, हर चीज़, अपनी थकान, हर चीज... क्या हो यदि आप अब मर रहे थे?

जैसा मैं हूं, मुझे स्वीकार कर ले,
स्वागत करेगा, क्षमा, धोकर, लेगा
क्योंकि मैं...

क्या इस पद पर, अब आप अपना हाथ ऊंचा उठायेंगे?

मैं प्रतिज्ञा करता हूं, विश्वास करूंगा
ओह परमेश्वर के मेमने, मैं आता हूं! मैं आता हूं!

312 अब जब कि ऑर्गन बजाने वाला निरंतर—निरंतर बजा रहा है, आइए हम में से प्रत्येक...

313 युवा, युवा आयु के क्या आप चाहेंगे कि आप सड़क पर, इस प्रकार से बाहर निकल जाये यह झुंडो का झुण्ड?

314 बहन. क्या आप अपने बाल छोटे रखना चाहेंगी, जब कि लंबे बाल रखना यह परमेश्वर के प्रति नाजरीन है? "उसके लिए बाल काटना लज्ञा की बात है।" क्या आप ये छोटे पुराने स्कर्ट पहनेगी और वे चीजें जो वे आज पहनते हैं। यह—यह अश्लील पहनावा है, इसमें होकर आपका शरीर दिखता है, वहां सड़क पर? क्या आप जानती है, हर व्यक्ति जो आपको

देखता है, आप के साथ अपने हृदय में व्यभिचार करता है? और आप स्वयं को इस प्रकार प्रस्तुत करती है। स्त्रियों, क्या आप जानती हैं आप जो श्रृंगार करती है, बाईबल में केवल एक ही स्त्री है जिसने श्रृंगार किया? और परमेश्वर ने उसे कुत्तों को खिलवा दिया, ईजाबेल उसी के दिनों से घृणित नाम है, उसके व्यवहार के कारण से। आप जानते हैं, यह एलिय्याह भविष्यवक्ता था, जिसने उसे श्रापित किया और उसको इस नाम से इस प्रकार पुकारा? क्या आप जानते हैं, यह हिरोदियास थी जिसके पीछे यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला पड़ा? क्या आप... आप संसार की वह हॉलीवुड चीज नही होना चाहते हैं। "यदि आप संसार और उसकी वस्तुओं से प्रेम करते हैं तो परमेश्वर का प्रेम आप में नही है।"

315 भाई सेवक मित्रों, कुछ नही... कृपया मुझे समझिये मैं आपका भाई हूं। क्या आप अपना संबंध रखना चाहते हैं और आप किसी कलीसिया के सदस्य (मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट या आप जो भी रहे हैं) क्या आप अपने नामधारी को पकड़े रहना चाहते हैं जिसे आपकी मां और आपकी दादी पकड़े रही? वह कहीं से निकलकर किसी चीज़ में आयी, वह उस दिन की ज्योति थी, नूह दिनों के समान। यह दूसरा दिन है।

316 आप कहते हैं, "मेरे पास यह है... "

317 यह पेंटीकोस्ट का दिन नही है। पेंटीकोस्ट का युग बीत गया। पेंटीकोस्ट चला गया, यह कटाई का समय है। समझे? और कटाई का समय, दाना; पानी दिया जा चूका सकता है और दाना पक रहा है। दाने में आ जाये, मेरे प्रिय भाई। मेरी सुनिए, मेरा विश्वास करें, यदि आप मेरा परमेश्वर का दास होने का विश्वास करते हैं, प्रत्येक अपने ही तरीके से अपना सिर नम्रता में झुकाए और प्रार्थना करें जैसा हम—हम जानते हैं हमें अपनी प्रार्थना करनी चाहिये, "परमेश्वर, मैं जैसा भी हूं मुझे ले ले।"

318 और भाईयो, बहनों, मैं भी स्वयं को आज रात्रि वेदी पर रखता हूं: परमेश्वर मुझे ढाले, और मुझे भिन्न बना दे। परमेश्वर कुछ करें, मुझे अपने अनुसार बना ले।

319 आप सोचते हैं कि यह सरल है कि यहां खड़े होकर लोगों को इस प्रकार टुकड़े–टुकड़े करें? यह करना कठिन है। परंतु हाय मुझ पर यदि मैं यह ना करूं।

320 प्रिय परमेश्वर, जैसे कि यह भक्त मंडली अपने सिरो और हृदयो को इस श्रद्धा के क्षणों में यहां इस बाईबल के उपदेश की समाप्ति पर झुकाए हुए हैं; जब हम पवित्र आत्मा के प्रमाण को देखते हैं, जिसने इस राष्ट्र को हिलाकर रख दिया है, महान बेदारीयां और संकेत यह जानते हुए कि अब इसके बाद कुछ होना है। फिर उन सात स्वर्गदूतों को, वहां एरिजोना में पहाड़ की चोटी पर आते देखते हैं जबकी राष्ट्र की समस्त पत्रिकाओ ने इसे छापा है। स्वयं यीशु को वहां आकाश में देखते हैं, नीचे देख रहा और यह कह रहा है, "प्रकाशितवाक्य 10:7, सातवें स्वर्गदूत के संदेश में, यह मोहरे खुल जायेगी, परमेश्वर के भेद प्रगट हो जायेंगे," सुधारक इसे लाने के लिए अधिक नही जीये। और यहां ये सात मोहरे जो बंद है सारी बातें इस दिन में खुल गई है। ये सारे महान चिन्ह और आश्चर्य कर्म जो किए गए, प्रमाणित हुए, होने के पहले बताए गए, आपने हमें एक बार कभी भी असफल नही किया, परंतु जैसा कहां गया वैसे ही घटित हुआ।

321 प्रिय परमेश्वर, हम अनुभव करते हैं कि यीशु मसीह हमारे मध्य में है। हम जानते हैं कि वह यहां पर है, आज रात्रि वह यहां है, अदृश्य परमेश्वर यहां हमारे साथ है और हर प्रतिज्ञा जो उसने अपने वचन में की है, उसकी पुष्टि कर सकता है। कैसे आप यहां खड़े हुए, और उन पर पीठ घुमा कर सिद्ध किया, उस मूल के आरंभ में, इसके पहले कि नकल करने वाले मैदान में आए, प्रभु, या इस—इस—इस दौड़ में प्रवेश करें, जैसा कि यह था। आपने दर्शाया और सिद्ध किया, भविष्यवाणी की और ठीक उसी प्रकार बताया, जैसा कि यह होगा और हम देखते हैं यह उसी प्रकार घटित हुआ। और, परमेश्वर पिता हम जानते हैं यह मनुष्य नही हो सकता। इसलिए हम यह जानते हैं कि आज रात्रि आप यहां पर है। हमारे पाप हमे क्षमा करें।

322 प्रिय परमेश्वर, आपने हमारे रोगों को चंगा किया है, अब प्रभु हमारे पाप—पाप क्षमा कर दें, क्योंकि हम उस प्रकार के मसीही नही है, जो हमें होना चाहिये, ना ही... कहलाने वाले पूर्ण सुसमाचार के पुरुष या स्त्री बने और यहां हम स्वयं को नामधारी नीचे जाने वाले चूजे हो। प्रिय परमेश्वर, हमारी सहायता करें, हमें ले और अपने पवित्र आत्मा से झकझोरे। और यदि हमने कुछ ऐसा हो जो आपके समान ना हो, प्रभु उसे हम में से निकाल दें। और हमारे कदमों को परमेश्वर के पवित्र वचन पर जड दे और पवित्र आत्मा हमारे हृदयो में प्रज्वलित हो और सारे अविश्वास के कूड़े को निकाल दे, और इस दिन के ऊँघने को; ओह उठे और स्वयं को झकझोरे,

परमेश्वर इसे प्रदान करें। हमें शुद्ध करें! हमें ढालें! हमें बनायें! परमेश्वर इसे स्वीकार करें।

323 प्रभु यदि आज रात्रि कोई यहां पर हो जो अपने ह्रदय में बीज को पकड़े हो, परमेश्वर के जीन को जो की पृथ्वी के रचने से पहले ठहराया गया हो; प्रभु, मैं जानता हूं, कि वे इस घड़ी को सुनने के लिए बाध्य है। इसलिए, परमेश्वर मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उनके प्राण को तृप्त और ज्वलित कर देंगे, पवित्र आत्मा के नए ताजगी के बपतिस्मे से, और उन्हें उनके मार्ग पर आनंदित और प्रसन्नचित होकर भेज देंगे।

324 प्रभु, परमेश्वर, वे… मैं उन्हें आपको देता हूं। मैं नही जानता कि ये कौन है, आप जानते हैं। प्रभु, मैं तो आपके वचन को प्रचार करने का उत्तरदायी हूं। जैसा आप इसे प्रगट करते हैं: बाकी सब का जिम्मा आपका है, कि बीज कहां गिरता है, मैं तो बस इसे फेंकता हूं। प्रभु परमेश्वर, मैं प्रार्थना करता हूं कि यह अच्छी उपजाऊ भूमी में आज रात्रि गिरे, ताकि बहुत से इसे देखेंगे, प्रभु, और चमकने वाले मसीही इस अंत के दिनों में उठे जो कि महान बात है, जिसकी हम प्रतीक्षा कर रहे हैं कि जल्द ही आयेगा। प्रभु, इसे प्रदान करें। और आप अपनी कलीसिया को ले लेंगे अपनी दुल्हन को और उसे घर ले जायेंगे, हम इसे क्रम में होते हुए देखते हैं। प्रभु यीशु, आ। हम सब आपको समर्पित करते हैं, इसके परिणाम के लिए, यीशु मसीह के नाम में मांगते हैं। आमीन।

मैं उसे प्रेम करता हूं, मैं उसे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने पहले मुझ से प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी पर…

325 क्या आप उस से प्रेम करते हैं? तो, फिर आपको एक दूसरे से प्रेम करना है। एक दूसरे से हाथ मिलाये जब आप इसे फिर से गाते है:

मैं उसे प्रेम करता हूं, मैं उसे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने पहले मुझ से प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस पर…

326 अब आइए *उसकी* महिमा करें। कितने इस गाने को जानते हैं:

मैं उसकी स्तुति करूंगा, मैं उसकी स्तुति करूंगा,
पापियों के लिये मरने के लिये मेमने की महिमा हो;
सारे लोगो उसकी महिमा करो,
क्योंकि उसके लहू ने हर दाग को धो दिया।

327 आइए अब हम इसे गाये:

मैं उसकी स्तुति करूंगा, मैं उसकी स्तुति करूंगा,
पापियों के लिये मरने के लिये मेमने की महिमा हो;
सारे लोगो उसकी महिमा करो,
क्योंकि उसके लहू ने हर दाग को धो दिया।

328 क्या आप अनुभव नही करते कि सब धुल गया? आपने हाथ उठाये, आप कहते हैं, "ओह इससे मुझे अच्छा अनुभव होता है।" भाई, मैं पुराने समय के गानों को पसंद करता हूं। क्या आप भी? वे ह्रदय में उतर जाते हैं।

मैं उसकी स्तुति करूंगा, मैं उसकी स्तुति करूंगा,
पापियों के लिये मरने के लिये मेमने की महिमा हो;
सारे लोगो उसकी महिमा करो,
क्योंकि उसके लहू ने हर दाग को धो दिया।

329 अब आइए हम अपने हाथ उठाएं और परमेश्वर की स्तुति करें, हम में से प्रत्येक अपनी रीति से:

330 प्रभु यीशु हम आपका धन्यवाद करते है, आपकी हम स्तुति करते, प्रभु। बाबुल में से लोगों को बाहर बुलाने के लिए आपकी महिमा करते हैं। आपके पुत्र के लहू के लिए हम आपका धन्यवाद करते, यीशु मसीह का। हम आपको धन्यवाद देते, क्योंकि उसने हमे इस घड़ी में शुद्ध किया। अपनी... अपनी गलतियों के लिए हम क्षमा मांगते हैं अपनी मूर्खताओ के लिए प्रभु, अंधकार में ठोकर खाने के लिए। ओह परमेश्वर, होने पाए हम उठे और चमके और सांझ के उजियाले में चलें, और सांझ के उजियाले में पेड पर आने वाले फल बने। प्रिय परमेश्वर, इसे प्रदान करें। हम स्वयं को आपको समर्पित करते हैं, यीशु मसीह के नाम में।

331 अब अपने झुके हुए सिरो के साथ, मैं आप सेवक गणों को सेवा वापस देता हूं।

आधुनीक घटनायें भविष्यवाणी द्वारा स्पष्ट हुई HIN65-1206

(Modern Events Are Made Clear By Prophecy)

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार दोपहर, 6 दिसम्बर, 1965 को फुल गोस्पल बिसनेसमेंस फ़ेलोशिप इंटरनेशनल बन्क्वेत पर, ऑरेंज शो औड़ोटोरियम, बेरनारडीनो, केलिफ़ोर्निया, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। इसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2018 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE

19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM

CHENNAI 600 034, INDIA

044 28274560 • 044 28251791

india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS

P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.

www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org